


दैनिक
# सांध्य प्रकाश
भोपाल की धड़कन

वर्ष 52/ अंक 195/ पृष्ठ 8 / मूल्य ₹ 2.10 संस्थापक- स्व. सुरेंद्र पटेल ▪आर.एन.आई 22296/71 ▪डाक पंजीयन मप्र/भोपाल/125/12-14

भोपाल, गुरुवार 23 फरवरी 2023 भोपाल से प्रकाशित dainiksandhyaprakash.in




सोशल स्टॉक एक्सचेंज लॉन्च करने की एसबीआई से मंजूरी, सोशल वर्क करने वाले संगठन फंड जुटा सकेंगे, ये एक्सचेंज एनएसई का अलग सेगमेंट होगा

सांध्यप्रकाश विशेष

# कुमार विश्वास की रामकथा और अविश्वास..असमंजस!

## आरएसएस पर टिप्पणी के बाद हुआ विवाद, श्रीराम तिवारी के एक पत्र में कथा निरस्त करने का फैसला, दूसरे में यथावत



भोपाल। देश के जाने माने कवि कुमार विश्वास को उज्जैन में रामकथा के दौरान राष्ट्रीय स्वयं संघ को अनपढ कहना भारी पड़ गया। पहले तो वहीं पर नेताओं ने कहा कि वे प्रमाण पत्र न दें, उसके बाद मप्र भाजपा प्रवक्ता हितेष वाजपेयी ने कुमार विश्वास को पीटने की बात कही, तो राज्य सरकार ने आज भारी पुलिस सुरक्षा में रामकथा करने का निर्णय लिया। हालांकि कुमार विश्वास ने कल कथा में कहे गये अपने शब्दों के लिए क्षमा भी मांगी, लेकिन मामला थमता नजर न हीं आ रहा। खास बात यह रही कि कल दोपहर बाद आयोजक महाराजा विक्रमादित्य शोध संस्थान की ओर से पत्र जारी किया गया कि राम कथा निरस्त कर दी गई है। इसके बाद दूसरा पत्र जारी हुआ, जिसमें कहा गया कि रामकथा निरस्त नहीं की गई है, जारी रहेगी। इससे असमंजस की स्थिति पैदा हो गई। जानकारी के अनुसार महाराजा विक्रमादित्य शोध संस्थान ने लगभग एक करोड़ रूपए खर्च करके कुमार विश्वास को 21 से 23 तक रामकथा करने उज्जैन बुलाया है। विश्वास ने कल कथा के दौरान वामपंथियों को कुपढ़ और आरएसएस के लोगों को अनपढ़ बता दिया था। कथा में मौजूद मप्र के उच्च शिक्षा मंत्री डॉक्टर मोहन यादव व अन्य ने इसे हंसी में उड़ा दिया था। लेकिन एक नेता ने कहा कि वे कथा कहें, किसी को प्रमाण पत्र न दें। कल शाम महाराजा विक्रमादित्य शोध संस्थान के निदेशक श्रीराम तिवारी के हस्ताक्षर से एक पत्र जारी हुआ, जिसमें इस मामले को लेकर कथा निरस्त करने की बात कही गई। लेकिन तिवारी ने इसके बाद अपना पत्र जारी कर इस पत्र को फर्जी बताते हुए कथा यथावत रहने की बात की है। खबर लिखे जाने तक कथा स्थल पर भारी पुलिस बल तैनात किया गया है।

आज सुबह भाजपा प्रवक्ता यशपाल सिंह सिसौदिया ने कुमार विश्वास को चेतावनी दी कि वे कथा करें, किसी को प्रमाण पत्र न बांटे। इसके बाद कुमार विश्वास के खिलाफ माहौल बनने लगा। भाजपा के दूसरे प्रवक्ता हितेष वाजपेयी ने ट्वीटर पर कुमार विश्वास की पिटाई करने का आव्हान कर दिया। उन्होंने कुमार विश्वास को कुम्हार विषवास नाम दे दिया। इधर माहौल बिगड़ता देख कुमार विश्वास ने एक वीडियो जारी किया जिसमें सफाई दी कि उन्होंने संघ को अनपढ़ नहीं कहा है, बल्कि एक बालक को अनपढ़ कहा था। उन्होंने माफी भी मांगी है।


महाराजा विक्रमादित्य शोधपीठ
स्वराज संस्थान संचालनालय
संस्कृति विभाग, मध्य प्रदेश शासन

क्रमांक : म.वि.शो /381 दिनांक 22/02/2023

प्रति,
श्री कुमार विश्वास
खिड़की डिजिटल ब्रांडिंग प्रा. लि.
गाजियाबाद (उत्तर प्रदेश)

महोदय,

आपसे विक्रमोत्सव 2023 में श्रीराम कथा (अपने-अपने राम, राम के शंकर और शंकर के राम) के लिए अनुरोध किया गया था लेकिन एक मर्यादित राम कथा में आपके द्वारा 21 फरवरी 2023 को आयोजित अपने-अपने राम कार्यक्रम में अवांछित, अमर्यादित और दुर्भाग्यपूर्ण टिप्पणियाँ की गयी हैं। जिसको लेकर समाज में अत्यन्त रोष है। अतः शेष राम कथा राम के शंकर और शंकर के राम (22-23 फरवरी 2023) को निरस्त करने का निर्णय लिया गया है।

खेद है कि एक सांस्कृतिक और धार्मिक श्रीराम कथा कार्यक्रम में अमर्यादित टिप्पणियाँ आपके द्वारा की गयी हैं।

आभार सहित।

श्रीराम तिवारी
निदेशक
महाराजा विक्रमादित्य शोधपीठ


महाराजा विक्रमादित्य शोधपीठ
स्वराज संस्थान संचालनालय
संस्कृति विभाग, मध्य प्रदेश शासन

क्रमांक : म.वि.शो /389 दिनांक 22/02/2023

सभी के लिए

विक्रमोत्सव 2023 अंतर्गत 21 से 23 फरवरी 2023 तक कुमार विश्वास की चलने वाली राम कथा (अपने-अपने राम, शंकर के राम एवं राम के शंकर) का कार्यक्रम बदस्तूर जारी है। सोशल मीडिया पर निदेशक महाराजा विक्रमादित्य शोधपीठ के नाम से जारी पत्र नकली है जो विघ्नसंतोषियों द्वारा जारी किया गया है इसकी कोई सत्यता नहीं है।

श्रीराम तिवारी
निदेशक
महाराजा विक्रमादित्य शोधपीठ

# मुख्यमंत्री ने स्वरोजगार प्रारंभ करने वाले युवाओं को बांटे स्वीकृति पत्र



महिदपुर। सीएम शिवराज सिंह चौहान महिदपुर पहुंचे और विकास यात्रा में शामिल हुए। सीएम ने यहां विभिन्न कार्यों का लोकार्पण किया। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने स्व-रोजगार प्रारंभ करने वाले युवाओं को विभिन्न योजनाओं में स्वीकृति-पत्रों का वितरण किया। साथ ही 750 करोड़ रुपये के विकास कार्यों का लोकार्पण और शिलान्यास भी किया।

सीएम शिवराज ने कृषि उपज मंडी में आयोजित सभा को संबोधित किया। साथ ही कालीसिंध नदी पर सामाकोटा डेम, शिप्रा नदी पर हरबाखेड़ी डेम, जल जीवन मिशन के अंतर्गत जल निगम की योजना, कालीसिंध नदी पर पुलिया, पचास बिस्तरीय हास्पिटल के नवीन भवन, झारड़ा में सीएम राइज स्कूल भवन, झारड़ा में महाविद्यालय भवन, महिदपुर रोड में औद्योगिक क्षेत्र का शिलान्यास किया। साथ ही प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना अंतर्गत ग्राम इंदौख से बड़ौद मार्ग का भूमिपूजन किया।

**सीएम ने किया रोड शो :** सीएम शिवराजसिंह चौहान खुले रथ में सवार होकर दशहरा मैदान से आंबेडकर चौराहे तक होते हुए कृषि उपज मंडी पहुंचे। रास्ते में 100 से ज्यादा मंचों पर विभिन्न सामाजिक, धार्मिक और राजनीतिक संस्थाओं के कार्यकर्ता सीएम का स्वागत किया।

**बजट सत्र की तैयारियों के संबंध में बैठक**

मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने विधानसभा बजट सत्र की तैयारियों के संबंध में राजकीय विमानतल पर बैठक ली और तैयारियों की समीक्षा की। मुख्य सचिव इकबाल सिंह बैंस तथा विभिन्न विभागों के अपर मुख्य सचिव व प्रमुख सचिव वर्चुअली सम्मिलित हुए।

**राष्ट्रपति आगमन की समीक्षा**

मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू के 3 मार्च को भोपाल आगमन के लिए जारी तैयारियों की राजकीय विमानतल पर समीक्षा की। राष्ट्रपति श्रीमती मुर्मू सातवें अंतर्राष्ट्रीय धर्म धम्म कॉन्फ्रेंस 2023 का शुभारंभ करेंगी।



जी-20 समिट की बैठक की तैयारियों के दौरान स्वच्छ एवं हरित खजुराहो के अंतर्गत नमो जी-20 चिल्ड्रन पार्क, खजुराहो में मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के साथ भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष व सांसद विष्णुदत्त शर्मा ने पौधा लगाया। इस दौरान प्रभारी मंत्री ओमप्रकाश सखलेचा एवं स्वच्छता अभियान के सदस्य उपस्थित थे।

# हमारा बजट भारत को ग्लोबल ग्रीन एनर्जी मार्केट में लीड प्लेयर के रूप में स्थापित करेगा: मोदी



नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को पोस्ट बजट वेबिनार के पहले कार्यक्रम में ग्रीन ग्रोथ पर लोगों को संबोधित किया। उन्होंने कहा- हमारी सरकार का बजट वर्तमान चुनौतियों के समाधान के साथ ही नए युग के सुधार को आगे बढ़ाता रहा है। पोस्ट बजट वेबिनार कार्यक्रम आज से शुरू हुआ है जो 11 मार्च तक चलेगा। इस दौरान 12 अलग-अलग सेक्टर पर चर्चा होगी और लोगों से बजट की घोषणाओं को बेहतर ढंग से लाागू करने के लिए सुझाव लिए जाएंगे।उन्होंने आगे कहा कि यह बजट भारत को ग्लोबल ग्रीन एनर्जी मार्केट में एक लीड प्लेयर के रूप में स्थापित करने में भी एक बड़ी भूमिका निभाएगा।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि 2014 के बाद से भारत में जितने बजट आए हैं उनमें एक पैटर्न रहा है। पैटर्न ये है कि हमारी सरकार का हर बजट वर्तमान चुनौतियों के समाधान के साथ ही नए युग के सुधार को आगे बढ़ाता रहा है। मोदी ने कहा कि हमारी सरकार का ट्रैक रिकॉर्ड रहा है कि भारत अपने लक्ष्यों को समय से पहले हासिल कर रहा है। उन्होंने कहा कि पावर कैपेसिटी बिजली क्षमता में हमने 40 त्र नॉन फॉसिल फ्यूल में 9 साल आगे का लक्ष्य हासिल किया है। इसी के साथ प्रधानमंत्री ने कहा कि ग्रीन ग्रोथ और एनर्जी ट्रांजिशन के लिए भारत की रणनीति के तीन स्तंभ हैं-

# कांग्रेस नेता पवन खेड़ा दिल्ली एयरपोर्ट पर गिरफ्तार ,कल रात असम में केस दर्ज



नई दिल्ली। रायपुर के कांग्रेस अधिवेशन में जा रहे कांग्रेस के राष्ट्रीय प्रवक्ता पवन खेड़ा को असम पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। उन पर एक दिन पहले ही असम पुलिस ने कम्युनल डिस्टबेंस और राष्टीय सुरक्षा को लेकर दीमापुर में केस दर्ज किया था। मामला सुप्रीम कोर्ट पहुंच गया है। इस पर दोपहर 3 बजे से सुनवाई करेगी।

इससे पहले खेड़ा को गुरुवार सुबह दिल्ली पुलिस ने फ्लाइट से उतार दिया था। खेड़ा रायपुर में शुक्रवार से शुरू हो रहे कांग्रेस के अधिवेशन में हिस्सा लेने जा रहे थे। इस कार्रवाई के विरोध में फ्लाइट में मौजूद दूसरे कांग्रेस नेताओं ने भाजपा के खिलाफ नारेबाजी की और विमान से उतर गए।

दिल्ली पुलिस के एक्शन पर जब सवाल किया गया तो उन्होंने कहा, दिल्ली पुलिस के अफसर मेरे पास आए और कहा कि आपका सामान चेक करना है। मैंने कहा कि कोई सामान है ही नहीं। फिर भी वे नहीं गए और कहा कि हमारे साथ चलिए अभी डीसीपी आपसे बात करेंगे। मैं इंतजार करता रहा डीसीपी नहीं आए।

# अमृतसर में खालिस्तान समर्थक बंदूक-तलवार लेकर पुलिस से भिड़े

अमृतसर। पंजाब में खालिस्तान समर्थक संगठन वारिस पंजाब दे के प्रमुख अमृतपाल सिंह के करीबी तूफान सिंह की गिरफ्तारी के विरोध में उनके समर्थक सड़कों पर उतर आए। हजारों की संख्या में आक्रोशित लोग बंदूक, तलवारें और लाठियां लेकर थाना घेर दिया है। पुलिस ने उन्हें रोकने के लिए बैरीकेड लगाए तो वे उसे तोड़कर थाने के अंदर घुस गए। मौके पर हंगामा जारी है। अमृतपाल ने ही अपने समर्थकों से गुरुवार सुबह 11 बजे अजनाला पहुंचने के लिए कहा था। इसके बाद यहां भीड़ इकट्?ठा हो गई। माहौल की गंभीरता को भांपते हुए पुलिस भी एक्टिव हो गई और अमृतपाल के पहुंचने से पहले ही उनके समर्थकों को उठाना शुरू कर दिया। इससे माहौल गर्मा गया। अमृतपाल सिंह खुद तो नहीं पहुंचा, लेकिन समर्थकों का जमावड़ा अजनाला पहुंच गया है। भीड़ में पुलिस ने इस दौरान एक युवक को पकड़ लिया।

## एमसीडी स्टैंडिंग कमेटी इलेक्शन में मारपीट

नई दिल्ली। दिल्ली नगर निगम गुरुवार को भारी हंगामे के चलते कार्यवाही कल तक के लिए स्थगित कर दी गई। अब स्टैंडिंग कमेटी के 6 सदस्यों का चुनाव शुक्रवार सुबह 10 बजे से शुरू होगी। बुधवार दोपहर से गुरुवार सुबह तक सदन की कार्यवाही 6 बार स्थगित की गई। भाजपा ने,क्रपर वोट की गोपनीयता भंग करने का आरोप लगाया है। वही, एमसीडी के बाद अब भाजपा के कार्यकर्ताओं ने नेताओं-अफसरों की जासूसी करवाने के मामले में आप दफ्तर के बाहर हंगामा किया।

# ट्रक ने कार को टक्कर मारकर 20 मीटर घसीटा, हादसे में दो भाईयों सहित तीन की मौत

ग्वालियर। जौरा कस्बे में एमएस रोड पर कार व ट्रक की टक्कर में दो भाईयों, एक बहन सहित चार की मौत हो गई । हालांकि दोनों भाईयों की मौत मौके पर हुई और बहन की मौत अस्पताल में दौराने उपचार हुई। एक अन्?य घायल हो गया। हादसा सुबह पांच बजे के करीब हुआ। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि अंदाजा लगाया जा सकता है कि टक्कर के बाद ट्रक कार को करीब 20 से 25 मीटर तक घसीटते हुए ले गया।

घटनाक्रम के मुताबिक जौरा कस्बे में एमएस रोड पर विधायक सूबेदार सिंह रजोधा के घर के सामने गुरुवार सुबह करीब पांच बजे कार व ट्रक में टक्कर मो गई। टक्कर के बाद ट्रक कार को करीब 20 से 25 मीटर तक घसीटता हुआ ले गया। इस दौरान कार चला रहे 18 साल के धीरज पुत्र गोविंद शर्मा व उसके छोटे भाई 24 साल के ऋषभ की मौके पर मौत हो गई। साथ ही कार में बैठी मृतकों की बहन व प्रांसू नामक किशोर घायल हो गए। घायलों को तुरंत जौरा अस्पताल ले जाया गया। जहां से घायलों को जिला अस्पताल रैफर किया गया है। लेकिन अस्?पताल में युवती की मौत हो गई। प्रांसू का उपचार ग?वालियर में चल रहा है। घटना के बाद ट्रक पर सड़क पर पलट गया। लेकिन ट्रक का ड्रायवर मौके से फरार हो गया। पुलिस ने आरोपित ड्रायवर की तलाश करना शुरू कर दिया है।

**बारातियों पर चढ़ी बोलेरो, तीन की मौत:** बुधवार रात शिवपुरी जिले के खातोरा गांव में गुना के श्यामपुर से बारात आई थी। बाराती महेश ने बताया कि बोलेरो का ड्राइवर गाड़ी स्टार्ट छोड़ नाचने आ गया। इसी दौरान एक बाराती गाड़ी में ड्राइवर की सीट पर बैठ गया। उसने गियर डालकर बोलेरो को आगे बढ़ा दिया, जिससे गाड़ी भीड़ में जा घुसी। हादसे में तीन लोगों की मौत हो गई। 7 लोग घायल हैं, जिन्हें शिवपुरी के जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। एक घायल को ग्वालियर रेफर किया गया है। घटना बुधवार-गुरुवार की दरमियानी रात दो बजे की बताई जा रही है।

**धार में भीषण हादसे में पूरा परिवार खत्म:** धार जिले के बाग-डेहरी रोड पर बुधवार रात तेज रफ्तार बोलेरो ने एक बाइक को टक्कर मार दी। बाइक सवार चार लोगों की मौके पर मौत हो गई है। चारों एक ही परिवार के थे। मृतक अपनी बहन की मौत की सूचना पर उसके गांव जा रहे थे, तभी हादसा हो गया।






# पहले भारतीय गवर्नर सी राजगोपालाचारी के परपोते ने कांग्रेस से दिया इस्तीफा

नई दिल्ली। कांग्रेस के दिग्गज नेता और देश के पहले भारतीय गवर्नर जनरल सी राजगोपालाचारी के पोते सीआर केशवन ने कांग्रेस से इस्तीफा दे दिया है। सीआर केशवन ने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे को अपना त्यागपत्र भेजा है। गुरुवार को दिए अपने इस्तीफे में सीआर केशवन ने लिखा कि वह पार्टी के लिए बीते दो दशकों से काम कर रहे हैं लेकिन अब उन मूल्यों में कमी आई है, जो उन्हें पार्टी के लिए काम करने के लिए प्रेरित करते थे। केशवन ने लिखा कि पार्टी जो मौजूदा वक्त में दिख रही है, उसके साथ वह सहज महसूस नहीं कर रहे हैं।



केशवन ने लिखा कि इसी वजह से उन्होंने हाल ही में राष्टीय स्तर पर होने वाले पार्टी के लिए कार्यक्रम की जिम्मेदारी नहीं उठाई और ना ही वह भारत जोड़ो यात्रा में शामिल हुए। केशवन ने लिखा कि अब समय आ गया है कि वह नए रास्ते पर आगे बढ़ें और इसलिए वह पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दे रहे हैं। केशवन ने तमिलनाडु कांग्रेस कमेटी चैरिटेबल ट्रस्ट के ट्रस्टी को भी अपना इस्तीफा भेज दिया है। केशवन ने अन्य पार्टी में शामिल होने की बात से फिलहाल इनकार किया है। हालांकि उन्होंने लिखा कि उन्हें खुद नहीं पता कि आने वाले वक्त में क्या छिपा है।

इस्तीफे के बाद मीडिया से बात करते हुए सीआर केसवन ने कहा कि मुझे नहीं लगता कि मुझे पार्टी छोड़ने के बाद कांग्रेस पर कोई टिप्पणी करनी चाहिए। मैं कांग्रेस में चल रही राजनीति में सहज महसूस नहीं कर रहा था। ऐसे में पार्टी को छोड़ना ही सही था, जो मैंने आज कर दिया।


To
Shri. Mallikarjun Kharge ji
President, Indian National Congress
February 23rd, 2023

Most Respected Kharge ji,

Leaving behind a successful career abroad, I returned to India to serve our nation. Driven by an ideology that was all inclusive and committed to the goal of incremental national transformation, I joined the Congress Party in 2001.

The journey thereafter was challenging and engaging. I got an opportunity to serve as Vice President [in the Rank of a State Minister] of the Rajiv Gandhi National Institute of Youth Development at Sriperumbudur, Member of the Prasar Bharati Board, National Council Member of the Indian Youth Congress and as a National Media Panelist, among others. I earnestly thank the Party & Smt. Sonia Gandhi ji for all the responsibilities entrusted to me over the years in Government and the organization. I have forged cherished friendships here that will remain.

But i am truly sad to say that for a while now i have not seen any vestiges of the values that made me work for the Party with dedication for over two decades. I can no longer in good conscience say that i concur with what the Party presently symbolizes, stands for nor seeks to propagate. This is why i had recently declined an organizational responsibility at the National Level and also refrained from participating in the Bharat Jodo Yatra.

It is time for me to chart a new path and therefore I resign from the Primary Membership of the Congress Party with immediate effect. I have also submitted to the appropriate authority my resignation as a Trustee of the Tamilnadu Congress Committee Charitable Trust.

There will be speculation of me going to another Party but to set the record straight, I have not spoken to anybody and honestly do not know what will unfold next.

I will endeavour in good faith to resolutely serve our country through a political platform. It will be one where I can continue to steadfastly uphold the integrity & ideals of public life, instilled and defended by the founding fathers & mothers of our great nation and my great-grandfather C. Rajagopalachari. Jai Hind!

Yours Sincerely
C.R. Kesavan

# हितग्राहियों एवं आमजन के साथ कार्यकर्ता सुने हर बूथ पर प्रधानमंत्री मोदी के मन की बात : सुमित पचौरी

सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल

भारतीय जनता पार्टी गुरुनानक मंडल की शक्ति केंद्र टोली की कार्यशाला सिंधी कम्युनिटी हॉल में आयोजित की गई , बैठक में जिलाध्यक्ष सुमित पचोरी ने कहा सेवा भाव, संतुलन, संयम, समन्वय, सकारात्मक, सद्भावना और संवाद के आधार पर भाजपा का कार्यकर्ता समाज की सेवा कर रहा है। हम वो पार्टी हैं जो गांव, गरीब, दलित, वंचित, शोषित, महिला, युवा, किसान को मजबूती प्रदान कर रही है। केंद्र की मोदी जी सरकार एवं राज्य की शिवराज सिंह जी सरकार की योजनाओं तक जन जन तक पहुंचाने का कार्य भाजपा के पंच परमेश्वर को करना हे साथ ही प्रत्येक बूथ पर कार्यकर्ताओ को आमजन एवं हितग्राहियों के साथ मोदी के मन की बात के प्रसारण को सुने, इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष राकेश कुकरेजा ने कहा की विकास यात्रा जिन बस्तियों से निकल रही है, वहां पर पीएम आवास योजना, दीनदयाल अंत्योदय योजना, लाडली लक्ष्मी योजना, लाडली बहना योजना आदि के बारे में आमजन का बताया जा रहा है । इस अवसर पर उत्तर विधानसभा प्रभारी चेतन भार्गव ,पूर्व पार्षद महेश मकवाना, पार्षद देवेन्द्र भार्गव, नरेंद्र ठाकुर,विष्णु राजपूत, यतीन मकवाना,आलोक भदौरिया, संदीप कल्याणे, अजय प्रजापति,अतुल घेंघट, राजा शर्मा, दीपचंद तिवारी , मुकेश सोलंकी,श्रीकांत विश्वकर्मा,शुभम श्रीवास, सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे





भोपाल। कांग्रेस के बैनर तले पूर्व मंत्री पीसी शर्मा के नेतृत्व में आज पुरानी पेंशन योजना चालू करने एवं कर्मचारियों की अन्य मांगों को लेकर विंध्याचल भवन के समक्ष प्रदर्शन किया गया।

## इसरानी मार्केट मंदिरमें राजा वीर विक्रमादित्य महोत्सवः लकखू अंदानी



**भोपाल।** इसरानी मार्केट हमीदिया रोड स्थित राजा वीर मंदिर में राजा वीर विक्रमादित्य साईं महोत्सव 25 फरवरी को बड़ी धूमधाम से मनाया जाएगा राजा वीर मंदिर समिति के अध्यक्ष लखू अंदानी ने बताया की 25 फरवरी को साईं मनीष लाल साहिब जी द्वारा 12ः00 बजे दीप प्रज्वलन कर महोत्सव की शुरुआत की जाएगी 25 एवं 26 फरवरी को दोनों दिन अनेक धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है 25 फरवरी को रात 9ः00 बजे सिंधी भगत एवं 26 फरवरी को झमाझम झूलेलाल भजन मंडली द्वारा धूलिया भजन की प्रस्तुति की जाएगी राजा वीर विक्रमादित्य महोत्सव में विशेष अतिथि भगवानदास सबनानी, राजेश हिंगोरानी भगवान दास ईसरानी नरेश ज्ञानचंदानी एवं क्षेत्रीय पार्षद राजू कुशवाहा रहेंगे।

## सोनागिरी में संगीतमय भागवत कथा का आयोजन



**भोपाल।** सोनागिरी सेक्टर में 17 फरवरी से संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है इस कथा के मुख्य जजमान सतीश चंद्र निगम ने बताया कि पारिवारिक प्रसंग को लेकर संकल्प लिया था जिसके निमित्त इस कथा का आयोजन किया जा रहा है इस कथा में गोवर्धन गिरिराज जी महाराज महेश कृष्ण उपाध्याय ठाकुर द्वारा कथा की जा रही है भागवत कथा बड़ी संख्या में श्रद्धालु सम्मिलित हो रहे हैं

## गोदावरी इलेक्ट्रिक मोटर्स का प्रदेश का पहला शोरूम भोपाल में शुरू



**भोपाल।** इलेक्ट्रिक मोटर व्हीकल बनाने वाली गोदावरी इलेक्ट्रिक व्हीकल द्वारा आज मध्य प्रदेश का पहला शोरूम भोपाल में भानपुर रोड पर खोला गया शोरूम के संचालक चंद्रशेखर यादव ने बताया कि कंपनी द्वारा विशेष रूप से स्कूली छात्रों के लिए ई बाइसिकल उपलब्ध कराई गई है इलेक्ट्रिक थ्री व्हीलर ईब्लू के नाम से लांच किया गया है कंपनी के जीएम अमित गायकवाड ने बताया कि कंपनी द्वारा 3 वैरायटी में ई बाइक लांच की गई है इन पर 3 साल की वारंटी भी दी जा रही है गोदावरी इलेक्ट्रिक मोटर्स के मलिक भी इस अवसर पर उपस्थित रहे।

## गर्मी आते ही बाजार में तरबूज की बहार

**भोपाल।** गर्मियों के आते ही बाजार में गर्मी का सबसे चहेते फल तरबूज की बहार आई है विट्ठल मार्केट में सबसे पुरानी दुकान संचालित करने वाले हाजी इसरार हसन ने बताया कि और पिछले कई वर्षों से तरबूज का व्यापार कर रहे हैं उनके द्वारा हैदराबाद से तरबूज मंगाए



जाते हैं और उनकी दुकान से अनेक बड़े अधिकारी, नेता तरबूज ले जाते हैं। हाजी हसन ने बताया कि तरबूज जहां गर्मियों में ठंडक पहुंचाता है साथ ही खून की कमी को भी पूरा करता है इस समय तरबूज 25 से 30 प्रति किलो बिक रहा है जैसे-जैसे आवक बढ़ेगी कीमत कम हो सकती है।

## नवीन महाविद्यालय में वार्षिक स्नेह महोत्सव का आयोजन

**भोपाल ।** नवीन महाविद्यालय में तीन दिवसीय स्नेह महोत्सव का शुभारंभ बुधवार को हुआ। वार्षिक स्नेह महोत्सव की थीम आनंदमरखी गई ,जिसकी उद्घोषणा पूर्व सांसद लोकसभा आलोक संजय द्वारा को गई तथा भविष्य में प्रतिवर्ष वार्षिक स्नेह महोत्सव को इसी नाम से बनाने की बात कही गई । वार्षिक स्नेह महोत्सव का शुभारंभ मुख्य अतिथि पूर्व सांसद लोकसभा आलोक संजर, विशेष अतिथि विशेष अतिथि राजेंद्र गुप्ता जनभागीदारी अध्यक्ष महाविद्यालय के द्वारा किया गया वार्षिक स्नेह महोत्सव 2022 23 का शुभारंभ मां सरस्वती जी के समक्ष दीप प्रज्वलन एवं वंदना द्वारा किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि आलोक संजर ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए सकारात्मक कर्म एवं अध्ययन करने हेतु प्रेरित किया ।उन्होंने अपने विद्यार्थी जीवन के कुछ उदाहरण भी विद्यार्थियों के साथ साझा किए ,उन्होंने सफलता के मंत्र के रूप में बताया कि अच्छे विचार व्यक्ति को सफल बनाते हैं ।कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि राजेंद्र गुप्ता ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए स्वामी विवेकानंद के रोचक प्रेरक प्रसंग बताएं एवं विद्यार्थियों हेतु उनकी प्रासंगिकता पर प्रकाश डाला ।महाविद्यालय प्राचार्य डॉ मुकेश दीक्षित द्वारा संपूर्ण कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत की गई ।वार्षिक स्नेह महोत्सव का प्रथम दिवस स्पोर्ट्स डे के रूप में मनाया गया। इस अवसर पर 100 मीटर दौड़ ,नींबू चम्मच दौड़ 100 मीटर, सुई धागा माला दौड़ 100 मीटर, लकड़ी दौड़ 100 मीटर ,मटकी फोड़, खो-खो प्रतियोगिता तथा रिले रेस प्रतियोगिता इत्यादि आयोजित की गई ।एनसीसी कैडेट लोकेश नायक द्वारा बनाया गया जनभागीदारी अध्यक्ष का चित्र एनसीसी कार्यालय द्वारा अध्यक्ष को सप्रेम भेंट किया गया ।महाविद्यालय प्राचार्य डॉ मुकेश दीक्षित ने महाविद्यालय को स्नातकोत्तर करने का प्रस्ताव रखा। आलोक संजर द्वारा आश्वासन दिया गया कि वे महाविद्यालय को स्नातकोत्तर बनाने हेतु प्रयास करेंगे, साथ ही महाविद्यालय को विकास की दिशा में ले जाने हेतु हर संभव मदद देंगे। कार्यक्रम का संचालन अतिथि विद्वान डॉ सुरेखा उमड़े द्वारा किया गया।

## अंतर्राष्ट्रीय मातृभाषा दिवस पर 14 महान हस्तियों का किया सम्मान

# मातृभाषा मां है उसकी हमेशा सेवा एवं कदर करें : डॉक्टर देवानी



**संत हिरदाराम नगर।** राष्ट्रीय स्तर की सामाजिक संस्था अखिल भारतीय सिंधी समाज के तत्वाधान में अंतर्राष्ट्रीय मातृभाषा दिवस पर साहित्य समाज मातृभाषा एवं कला के क्षेत्र में 14 महान हस्तियों का सम्मान किया गया। खिमानू मुलानी, नारी लछवानी, कन्यो शेवानी, हर्षा मूलचंदानी, मुक्ता चंदानी, घनश्यामदास शेवानी, बल्लू चोइथानी, लालचंद जनयानी, प्रताप राय तेजवानी, कमल मनसुखानी, राजेंद्र प्रेमचंदानी कमल ,साध्वी द्रोप्ति धनवानी, डिंपल नवानी का श्रीफल एवं यादगार मोमेंटो प्रदान कर सम्मानित किया। नंदवानी ऑडिटोरियम में आयोजित इस आयोजन के मुख्य अतिथि डॉ सी.पी देवानी ने मातृभाषा के उत्थान हेतु बताया कि मातृभाषा हमारी मां है उसकी सेवा एवं कदर हमेशा करना चाहिए ताकि मातृभाषा का सर्वाधिक विकास होता रहे। पूज्य सिंधी पंचायत के अध्यक्ष साबू रिझवानी ने मातृभाषा के सर्वांगीण विकास के लिए कहा कि सिंधी मातृभाषा घर में बोलचाल से भी कम होती जा रही है कोम उसकी जिंदा रहती है जिसकी जबान जिंदा रहती है। मातृभाषा को रोजगार से जोड़ा जाए तब तक बोलचाल रीति रिवाज धार्मिक पर्व आदि पर अमल कर सिंधियत कि शाम बढ़ाने हेतु अपने कर्तव्य का पालन करें। कार्यक्रम संयोजक जगदीश आसवानी ने अखिल भारतीय सिंधी समाज के उल्लेखनीय सेवाओं पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर शिक्षाविद् विष्णु गेहानी, माधू चांदवानी, रामचंद सभनानी सहित कई उपस्थित थे।

## विकास यात्रा में मिली 2 करोड़ 17 लाख के विकास कार्यों की सौगात

सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल

शासन की योजनाओं की जानकारी व लाभ जन-जन तक पहुंचाने हेतु प्रदेश में जारी विकास यात्रा के तहत गोविन्दपुरा विधानसभा क्षेत्र के वार्ड क्र. 72 के विभिन्न क्षेत्रों में विधायक कृष्णा गौर के नेतृत्व में विकास यात्रा निकाली गई। यात्रा के दौरान विधायक श्रीमती गौर ने शासन की जन कल्याणकारी व विकास योजनाओं के संबंध में जानकारी दी और नागरिकों से योजनाओं का लाभ प्राप्त होने के संबंध में भी चर्चा की। श्रीमती गौर ने वार्ड के विभिन्न स्थानों पर लगभग 02 करोड़ 17 लाख रुपये की लागत के सड़क, नाली, स्ट्रीट लाईट सहित अन्य विकास कार्यों हेतु भूमिपूजन किए तथा डामरीकृत सड़क, नाली एवं पार्षद कक्ष का लोकार्पण भी किया और मुख्यमंत्री जन अभियान योजना के तहत शासन की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के 35 हितग्राहियों को स्वीकृति पत्र/कार्ड आदि वितरित किए। इस दौरान महापौर परिषद की सदस्या छाया ठाकुर के अलावा अनेक पार्षदगण, गणमान्य नागरिक, नगर निगम, जिला प्रशासन व अन्य विभागों के अधिकारी मौजूद थे। विकास यात्रा के दौरान विधायक कृष्णा गौर ने गोविन्दपुरा विधानसभा के वार्ड 72 में विभिन्न स्थानों पर लगभग 02 करोड़ 17 लाख रुपये से अधिक के विकास कार्यों हेतु भूमिपूजन व जनसुविधाओं का लोकार्पण किया तथा मुख्यमंत्री जन अभियान योजना में शासन की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के 35 हितग्राहियों को स्वीकृति पत्र कार्ड आदि वितरित किए।

## संत निरंकारी मिशन द्वारा स्वच्छ जल स्वच्छ मन परियोजना का होगा शुभारंभ

**संत हिरदाराम नगर।** संत निरंकारी मिशन द्वारा आजादी के 75वें 'अमृत महोत्सव' के अवसर पर सत्गुरु



माता सुदीक्षा महाराज एवं निरंकारी राजपिता के सान्निध्य में 26 फरवरी को 'अमृत परियोजना' के अंतर्गत 'स्वच्छ जल स्वच्छ मन' का शुभारम्भ किया जायेगा। इसी कड़ी में जोन 24 ए भोपाल के अंतर्गत आने वाली सभी ब्रांचो में प्रोजेक्ट अमृत के अंतर्गत स्वच्छ जल, स्वच्छ मन परियोजना के अंतर्गत सेवा कार्य किया जाएगा। जहां संत निरंकारी मण्डल भोपाल द्वारा डी मार्ट, जहांगीराबाद के सामने नीलम पार्क के पास, छोटे तालाब एवं संत निरंकारी मण्डल ब्रांच बैरागढ़ द्वारा झूलेलाल विसर्जन घाट के सामने गुलाब उद्यान के पास तालाब के आसपास की सफाई की जाएगी। इससे पूर्व शहर के बीचोबीच एक जनजागृति रैली का भी आयोजन किया गया है। संत निरंकारी मिशन के सचिव जोगिन्दर सुखीजा ने इस परियोजना संबंधित विस्तृत जानकारी दी कि यह परियोजना संपूर्ण भारतवर्ष के लगभग 1000 स्थानों के 730 शहरों, 27 राज्यों और केन्द्रशासित प्रदेशों में विशाल रूप से आयोजित की जायेगी।

## परशुराम सेवा संगठन की बैठक में नई कार्यकारिणी की घोषणा



**भोपाल।** नाइन मसाला रेस्टोरेंट में परशुराम सेवा संगठन की बैठक में नई कार्यकारिणी की घोषणा की गई प्रदेश अध्यक्ष सुनील पांडे ने बताया आगामी समय में संगठन और विस्तार कर जनहित के कार्य करते रहेंगे मुख्य अतिथि दिनेश श्रीधर प्रदेश अध्यक्ष सुनील पांडेय महासचिव अजय त्रिपाठी उपाध्यक्ष शिवकुमार शुक्ला ओम प्रकाश मिश्रा एसके शर्मा राजेश चौबे कोषाध्यक्ष मनोज दुबे सह सचिव आचार्य उपासना दीक्षित निधि नाथ शुक्ला जिला अध्यक्ष राम शर्मा संभाग अध्यक्ष नरेंद्र भार्गव उपाध्यक्ष आर एस पांडेय युवा अध्यक्ष सचिन शर्मा प्रवक्ता पीके तिवारी

# प्रदेश के 7 हजार से अधिक पशुओं को मिला नि :शुल्क उपचार का लाभ

## फुलर्टन इंडिया ने पशु विकास दिवस का पांचवां संस्करण आयोजित किया

**भोपाल।** भारत के प्रमुख एनबीएफसी में से एक - फुलर्टन इंडिया ने अपने वार्षिक पशु विकास दिवस (पीवीडी) के माध्यम से एक सबसे बड़ा ऑन-ग्राउंड पशु देखभाल जागरूकता अभियान आयोजित किया गया। मध्य प्रदेश (एमपी) में 29 स्थानों पर एक साथ पशु स्वास्थ्य शिविर आयोजित किए गए, जिसमें 7,000 से अधिक पशुओं को मुफ्त जांच और चिकित्सा सहायता प्रदान की गई। फुलर्टन इंडिया ने 4 से 11 फरवरी 2023 तक राज्य भर में 35 स्थानों पर पशुपालकों के लिए नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर भी आयोजित किए, जिससे 2900 से अधिक लोग लाभान्वित हुए। वृहत कार्यक्रम के अंतर्गत, एक साथ 374 से अधिक स्थानों पर शिविर आयोजित किए गए, जिसमें 15 राज्यों के 500 से अधिक गांवों को शामिल किया गया और देश भर के 71,400+ पशुओं



का उपचार किया गया।

शिविरों में पशु चिकित्सकों द्वारा पशुओं की नि:शुल्क चिकित्सा जांच, पशुओं के लिए नि:शुल्क दवा एवं टीकाकरण का वितरण और दुधारू पशुओं के लिए उत्पादकता बढ़ाने की सलाह जैसी सेवाएं प्रदान की गईं। फुलर्टन इंडिया ने पूरे भारत में 4 से 11 फरवरी, 2023 तक 245 से अधिक स्थानों पर पशुपालकों के लिए नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर भी आयोजित किए, जिससे 20,400 से अधिक लोग लाभान्वित हुए।

कंपनी की इस अनूठी पहल पर प्रकाश डालते हुए, फुलर्टन इंडिया के मुख्य कार्यकारी अधिकारी और प्रबंध निदेशक, शांतनु मित्रा ने कहा, फुलर्टन इंडिया का उद्देश्य नवीन सामाजिक-आर्थिक गतिविधियों के माध्यम से वंचित समुदायों में समावेशी विकास को सक्षम करना है जिससे हम अपने ग्राहकों के करीब आकर उनकी वित्तीय आवश्यकताएं पूरी करने में सहयोग कर पाते हैं। इसलिए, हमारे विकास कार्यक्रमों का एक बड़ा हिस्सा ग्रामीण समुदायों के आजीविका संवर्धन पर केंद्रित है ताकि उनके जीवन की गुणवत्ता बेहतर हो सके और उनका आय बढ़ सके। चूंकि देश के भीतरी हिस्सों में रहने वाले लोगों के लिए पशुपालन अत्यावश्यक है, इसलिए हमारा वार्षिक पशु विकास दिवस किसानों को पशु स्वास्थ्य सुविधाएं प्रदान करने के लिए आयोजित किया जाता है ताकि उनके मवेशियों की उत्पादकता बेहतर हो सके और और उनकी घरेलू आय में वृद्धि हो सके। कंपनी ने अपना पहला पशु विकास दिवस 2014 में विभिन्न अखिल भारतीय स्थानों पर एक दिवसीय पशु-देखभाल शिविर के रूप में शुरू किया, जिसमें कंपनी के कर्मचारी ग्रामीण समुदाय से जुड़े ताकि उन्हें उनके पशुओं की देखभाल करने में मदद मिल सके।

इन वर्षों में, फुलर्टन इंडिया ने पशुपालकों को आवश्यक पशु स्वास्थ्य देखभाल सुविधाएं और मार्गदर्शन प्रदान करने में मदद की है ताकि वे अपने पशुओं की उत्पादकता और अपनी घरेलू आय बढ़ा सकें। पशुविकास दिवस के जरिए अब तक 2,71,000 से अधिक पशुओं का इलाज किया जा चुका है, और 80,000 से अधिक पशुपालक लाभान्वित हुए हैं।

पशु विकास दिवस पर टिप्पणी करते हुए, फुलर्टन इंडिया के चीफ पीपल ऑफिसर, स्वामीनाथन सुब्रमण्यन ने कहा, भारत के ग्रामीण इलाकों में अनेक किसान अपनी आय के लिए पशुपालन पर निर्भर हैं और हमारे वार्षिक पशु विकास दिवस कार्यक्रम के माध्यम से, हम इस समुदाय को गुणवत्तापूर्ण पशु स्वास्थ्य देखभाल उपलब्ध कराकर एक नेटवर्किंग प्लेटफॉर्म प्रदान करके उन्हें सशक्त बनाना चाहते हैं। यह हमारे कर्मचारियों के लिए सामाजिक हित के कार्य हेतु स्वयंसेवा करने और समाज के प्रति अपने कर्तव्य के निर्वहन का एक अवसर भी है।

# लोक कला, संस्कृति को निरंतर बढ़ावा मिलेगा: शिवराज सिंह

## आर्थिक रूप से कमजोर मप्र का नाम रोशन करने वाले कलाकारों की वित्तीय सहायता 800 से बढ़ कर 5 हजार रूपए होगी, खजुराहो की लोक कला पंचायत में कलाकारों के हित में अनेक घोषणाएँ

सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल



मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि मध्यप्रदेश सरकार लोक कला और संस्कृति को निरंतर बढ़ावा देगी। लोक कला की परंपरा को जीवित रखना और आगे भी बढ़ाना मध्यप्रदेश सरकार का उद्देश्य है। मुख्यमंत्री चौहान आज छतरपुर जिले के खजुराहो में आदिवर्त के लोकार्पण समारोह के बाद लोक कलाकार पंचायत को संबोधित कर रहे थे। केंद्रीय सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्री वीरेंद्र कुमार, सूक्ष्म, लघु,मध्यम उद्यम मंत्री ओमप्रकाश सखलेचा सहित अन्य विशिष्टजन भी उपस्थित थे।

मुख्यमंत्री चौहान ने प्रदेश के कलाकारों के हित में अनेक घोषणाएँ की। उन्होंने कहा कि जो कलाकार आर्थिक रूप से कमजोर है और जिन्होंने मध्यप्रदेश का नाम रोशन किया है, उनको प्रतिमाह मिलने वाली वित्तीय सहायता 800 को बढ़ा कर 5 हजार रूपए किया जाएगा। कलाकारों के दिवंगत होने पर उनके परिवार को 3500 रूपए प्रति माह की आर्थिक सहायता दी जाएगी। कला के प्रदर्शन के लिए बुलाने पर अभी उन्हें प्रतिदिन मिलने वाले 800 रूपए के मानदेय को बढ़ा कर 1500 रूपए किया जाएगा। दैनिक भत्ता भी 250 से बढ़ा कर 500 रूपए किया जाएगा। मुख्यमंत्री चौहान ने कहा कि कलाकारों की चिंता करना मध्यप्रदेश सरकार का कर्त्तव्य है। कलाकारों को रोजगार मिलता रहे, इसके लिये संस्कृति विभाग सालभर कार्यक्रम करता है। उन्होंने कहा कि हम सभी को मिल कर कला, संगीत, नृत्य की परंपरा को जीवित रखना होगा। आदिवर्त संग्रहालय को अब पूरी दुनिया देखेगी। जनजातीय कला का अब विश्व स्तरीय प्रकटीकरण होगा। समारोह के अंत में मुख्यमंत्री चौहान , केंद्रीय मंत्री वीरेंद्र कुमार, प्रभारी मंत्री सखलेचा ने मंच से नीचे आकर खाट पर बैठ कर कलाकारों के साथ फोटो भी खिचवाएँ तथा कलाकारों द्वारा प्रस्तुत नृत्य को देखा।

मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने मध्यप्रदेश शासन के राज्य शिखर सम्मान से कलाकारों को अलंकृत भी किया। पदमभूरी बाई, गोंड चित्रांकन के लिए दुर्गा बाई व्याम, बैगा नृत्य के लिए अर्जुन सिंह धुर्वे एवं जोधैया बाई, राई नृत्य को विश्वमंच पर पहचान दिलाने के लिए पदमरामसहाय पांडेय को अलंकृत किया। हिंदी साहित्य के क्षेत्र में विशेष योगदान के लिए अश्विनी कुमार दुबे, संस्कृत साहित्य के क्षेत्र में योगदान के लिए डा.भगवतीलाल राज पुरोहित एवं डा.विजया शर्मा, रूपंकर कला के लिए अनिल कुमार, नाटक क्षेत्र के लिए प्रशांत खिड़वड़कर, जनजातीय और लोककला के क्षेत्र में योगदान के लिए सावित्री बाई बैगा, सारंगी वादन के क्षेत्र में योगदान के लिए उस्ताद मुन्ने खान को सम्मानित किया। सांसद विष्णुदत्त शर्मा ने कहा कि खजुराहो कला, संस्कृति और अध्यात्म का केंद्र है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की दूरगामी सोच से देश के अलग-अलग स्थानों पर बैठक के जरिए स्थानीय कला, संस्कृति और परंपरा से परिचित कराने जी-20 संस्कृति कार्य समूह की बैठक खजुराहो में होना सौभाग्य की बात है। उन्होंने कहा कि विश्व विख्यात खजुराहो नृत्य समारोह के आयोजन का यह 49वां वर्ष है। इस नृत्य समारोह ने भी नए प्रतिमान स्थापित किए हैं। सांसद ने कहा कि वर्ल्ड हेरिटेज और आइकॉनिक सिटी खजुराहो को नया स्वरूप प्रदान किया जाएगा। स्थानीय नागरिकों और अधिकारी, कर्मचारियों सहित सर्व समाज के सहयोग से खजुराहो शहर को सजाने संवारने और क्लीन एवं ग्रीन खजुराहो बनाने के कार्य में योगदान के लिए सभी का अभिनंदन कर आभार जताया।

सांसद शर्मा ने कहा की मुख्यमंत्री चौहान की घोषणा के परिपालन में आदिवर्त संग्रहालय लोकार्पित किया गया है। इसके माध्यम से पर्यटकों को जनजातीय समाज के रहन, सहन संस्कृति के संरक्षण के प्रयासों से रू-ब-रू होने का मौका मिलेगा। साथ ही उम्मीद जताई कि कला संस्कृति के संरक्षण के लिए आर्यावर्त संग्रहालय मील का पत्थर साबित होगा। सांसद शर्मा ने सभी नागरिकों को खजुराहो को सोलर सिटी बनाने का संकल्प भी दिलाया गया।

## विश्व की धरा पर हम सब एक है, मुख्यमंत्री ने जी-20 देशों के प्रतिनिधियों को किया संबोधित



मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि दुनिया की सभी समस्याओं का समाधान आपसी एवं परस्पर स्नेहिल भावना से संभव है। विश्व की धरा पर हम सब एक हैं। देश का खानपान, संस्कार, संस्कृति अलग हो सकते हैं लेकिन हम सब एक हैं। विश्व के लोगों में वसुधैव कुटुंबकम के विचार प्रभावी हो जाये तो आपसी भेदभाव, लड़ाई, झगड़े सब बंद हो सकते हैं। सीमावर्ती देश लड़ना छोड़ सकते हैं, मनुष्य एक है तो भेदभाव क्यों। मुख्यमंत्री आज विश्व धरोहर स्थल खजुराहो में जी-20 समिट में भाग लेने आये सदस्य एवं विदेशी अतिथि देशों के प्रतिनिधियों के सम्मान समारोह को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री चौहान ने कहा कि कला, संस्कृति, संगीत, नृत्य मन को असीम आनंद देते हैं। मन के आनंद से दूसरे की भलाई कर अपूर्व आनंद का सुख मिलता है, जिनके पास ज्यादा है वह ऐसे लोग जिन्हें जरूरत है उनकी मदद करें। दूसरे की मदद कर मन को प्रसन्नता होती है।

मुख्यमंत्री चौहान ने कहा कि खजुराहो कला की राजधानी है और खजुराहो महोत्सव का आयोजन अद्भुत है। खजुराहो के मंदिर शरीर, मन और आत्मा को सुकून देते हैं। आपने खजुराहो के जी-20 समिट में सांस्कृतिक प्रथम कार्य समूह की बैठक किये जाने पर प्रधानमंत्री के प्रति आभार प्रकट किया। उन्होंने कहा कि भारत के विचार विश्व-कल्याण के लिये है। पीड़ित, व्यथित व्यक्ति का कैसे कल्याण हो। मुख्यमंत्री चौहान ने खजुराहो में जी-20 समिट में विभिन्न देशों के डेलीगेट्स को बुलाने पर केन्द्रीय संस्कृति मंत्री का आभार प्रकट किया। केन्द्रीय संस्कृति मंत्री किशन रेड्डी ने आत्मीय संबोधन में जी-20 समिट में आये डेलीगेट्स का आभार प्रकट किया। केन्द्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री डॉ. वीरेन्द्र कुमार, केन्द्रीय संस्कृति एवं विदेश राज्य मंत्री मीनालेखी, प्रदेश के एमएसएमई एवं छतरपुर जिला प्रभारी मंत्री ओमप्रकाश सखलेचा, खजुराहो सांसदव्ही.डी. शर्मा भी उपस्थित रहे।



भोपाल। हिन्दू उत्सव समिति भोपाल के अध्यक्ष संतोष साहू लखपति के सम्मान में राजधानी के प्रसिद्ध भजन एवं गजल गायक सत्यनारायण नायर ने भजन प्रस्तुत किए। नायर अंतर्राष्ट्रीय भजन गायक अनूप जलोटा के शिष्य हैं। इस अवसर पर सैफिया कॉलेज एवं भोपाल विश्वविद्यालय के पूर्व अध्यक्ष प्रदीप गुप्ता पल्ली, सुनील मनोरिया, प्रतीक गुप्ता, अशोक अग्रवाल, विनीत साहू आदि उपस्थित रहे।

## आदि शंकराचार्य की प्रस्तुति 26 को

**भोपाल।** रंगशीर्ष संस्था द्वारा प्रभात स्मृति रागबंध थियेटर रंगश्री लिटिल बैले ट्रूप परसिर श्यामला हिल्स में 26 फरवरी को आदि शंकराचार्य की प्रस्तुति की जाएगी। इसके लेकख सतीष दवे एवं संजय मेहता है। निर्देशक संजय मेंहता एवं संगीत आमोद कृष्ण भट्ट ने दिया है। यह आयोजन शाम 7 बजे से शुरू होगा।

## ऊर्जा विभाग की कंपनियों में 453 पदों पर होगी भर्ती

**भोपाल।** ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने बताया है कि युवाओं को रोजगार देने और बिजली कंपनियों के कार्यों को सुचारू संचालन के लिए विभिन्न कंपनियों में रिक्त 453 पदों पर भर्ती की जायेगी। इस संबंध में 21 फरवरी को विज्ञापन जारी कर दिया गया है। असिस्टेंट इंजीनियर, जूनियर इंजीनियर और अन्य पदों पर भर्ती की जायेगी। रिक्त पदों के लिये ऑनलाइन आवेदन 24 फरवरी से 16 मार्च 2023 तक भरें जा सकेंगे। भर्ती की प्रक्रिया म.प्र. पावर जनरेटिंग कंपनी द्वारा की जा रही है। यह भर्ती म.प्र. पावर जनरेटिंग कंपनी के साथ ही म.प्र. पावर ट्रासंमिशन कंपनी, म.प्र. पावर मैनेजमेंट कंपनी, मध्य क्षेत्र, पूर्व क्षेत्र और पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के लिये की जायेगी।



**भोपाल। पुराने प्रकरणों को समाप्त करने वाले आदेश के विरोध में भोपाल बार एसोसिएशन के आह्वान पर वकीलों की हड़ताल जारी है। जिला अदालत में आज भी कोई काम नहीं हुआ, वहां सन्नाटा पसरा है।**

## सुरखी विधानसभा क्षेत्र में हो रहा स्वास्थ्य सेवाओं का विस्तार: गोविंद सिंह राजपूत



सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल

### सुरखी विधानसभा क्षेत्र के ग्राम रजौली, रजवांस, परसोरा, गढ़ा, खिरिया पहुंची विकास यात्रा

सुरखी विधानसभा क्षेत्र के ग्राम रजौली, रजवांस, परसोरा, गढ़ा, खिरिया पहुंची विकास यात्रा, जहां राजस्व एवं परिवहन मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने ग्राम रजौली में 50 लाख की लागत से बनने वाले आरोग्य केन्द्र का लोकार्पण किया एवं करोड़ों के विकास कार्यों का भूमिपूजन एवं लोकार्पण किया। इस अवसर पर क्षेत्रवासियों को संबोधित करते हुए राजस्व एवं परिवहन मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने कहा कि भाजपा द्वारा स्वास्थ्य समाज सशक्त भारत का सपना साकार किया गया है। हमारी सुरखी विधानसभा क्षेत्र में लगातार स्वास्थ्य सेवाओं का विस्तार हो रहा है। जहां एक समय था कि छोटी-छोटी बीमारी के लिये सागर या भोपाल जाना पड़ता था, लेकिन अब सुरखी विधानसभा क्षेत्र में स्वास्थ्य केन्द्र, उपस्वास्थ्य केन्द्र तथा आरोग्य केन्द्र खोले जा रहे हैं जिनसे अब क्षेत्रवासियों को ईलाज के लिये सागर या भोपाल के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे। राहतगढ़, बिलहरा, सुरखी तथा आसपास के छोटे छोटे गांव में लगातार स्वास्थ्य सेवाओं का विस्तार हो रहा है। इसके साथ ही स्वास्थ्य सेवाओं में भाजपा द्वारा आयुष्मान कार्ड द्वारा क्रांति लाई गई है। आयुष्मान कार्ड से 5 लाख रूपये तक का मुफ्त ईलाज होता है। श्री राजपूत ने कहा कि भाजपा विकास करने वाली पार्टी है जिसका विकास शहरों से लेकर ग्रामीण क्षेत्र की गली चोराहों तक दिख रहा है। पहले न ही पर्याप्त बिजली थी, न ही विकास, लेकिन भाजपा द्वारा हर गांव को पक्की सड़क से जोड़कर उनका विकास किया गया। पुल-पुलिया निर्माण कर ग्रामीणों को यातायात में सुलभता दी गई इतना ही नहीं भाजपा द्वारा हर वर्ग के लिए योजनाएं चलाकर उन्हें आर्थिक रूप से मजबूत किया गया। यह भाजपा सरकार की ही सोच थी कि हर वर्ग मजबूत हो सशक्त हो ताकि हमारा देश मजबूत और सशक्त बन सके। श्री राजपूत द्वारा विकास यात्रा के दौरान लाड़ली लक्ष्मी योजना, आयुष्मान कार्ड, संबल योजना आदि के हितग्राहियों को कार्ड बांट कर शुभकामनाएं दी तथा नये मतदातों का फूल मालाओं से सम्मान करते हुये श्री राजपूत ने क्षेत्र के विकास में कदम से कदम मिलाकर चलने के लिये आवाहन किया।

## वाद-विवाद प्रतियोगिता के विजेताओं को वितरित किए पुरस्कार

सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल

पं. कुंजीलाल दुबे राष्ट्रीय संसदीय विद्यापीठ द्वारा आयोजित वाद-विवाद प्रतियोगिता का पुरस्कार वितरण कार्यक्रम बुधवार को विद्यापीठ में हुआ। प्रतियोगिता पद्मश्री विजयदत्त श्रीधर के मुख्य आतिथ्य और पूर्व सांसद आलोक संजर की अध्यक्षता में हुआ। मुख्य अतिथि श्रीधर ने प्रतियोगिता के विजेताओं को शुभकामनाएँ दी। संचालक संसदीय विद्यापीठ डॉ. प्रतिमा यादव ने बताया कि प्रतियोगिता में 19 विश्वविद्यालय और महाविद्यालयों के 38 विद्यार्थियों ने पक्ष और विपक्ष में अपने विचार रखे। प्रतियोगिता का विषय क्या लोकतंत्र सिर्फ वोट देने तक सीमित है था। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर पक्ष में एमएलबी कॉलेज की प्रथम वर्ष की छात्रा श्रद्धा जैन और विपक्ष में संत हिरदाराम गर्ल्स कॉलेज की अवनि शर्मा रही। द्वितीय स्थान पर पक्ष में माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्र एवं संचार विश्वविद्यालय की अर्पिता बनर्जी और विपक्ष में कॅरियर कॉलेज की आयोली वाजपेयी, तृतीय स्थान पर संत हिरदाराम गर्ल्स कॉलेज की सेमा मेहफूज और विपक्ष में माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्र एवं संचार विश्वविद्यालय की मधुलिका मिश्रा तथा बीएड-एमएड क्षेत्रीय शिक्षा संस्थान की गुरमीत परमार रही। रश्मि बाला पात्रा और राधिका द्विवेदी को सांत्वना पुरस्कार मिला।

## 12 करोड़ से बने अटल भवन का लोकार्पण

### राज्य मंत्री परमार ने विकास यात्रा में किया विभिन्न विकास कार्यों का भूमि-पूजन एवं लोकार्पण

सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल



स्कूल शिक्षा (स्वतंत्र प्रभार) एवं सामान्य प्रशासन राज्य मंत्री इन्दर सिंह परमार ने आज विकास यात्रा के 18वें दिन शाजापुर जिले की शुजालपुर विकासखंड के ग्राम केवड़ाखेड़ी में विकास यात्रा का शुभारंभ तिरंगा ध्वज फहराकर किया। राज्य मंत्री परमार ने विकास यात्रा के दौरान जनपद पंचायत मो. बड़ोदिया के ग्राम पंचायत केवड़ाखेड़ी में लागत राशि 11 लाख 20 हजार रूपये से बनने वाले आँगनवाड़ी भवन का भूमि-पूजन किया। परमार ने ग्राम गिराना में लागत राशि 81 लाख 90 हजार रुपए से नवीन नल जल योजनांतर्गत निर्माण कार्यों का भी भूमि-पूजन किया। परमार ने ग्राम केवड़ाखेड़ी में प्रधानमंत्री आवास योजना से निर्मित राजू गुजराती को अपने नवीन घर में गृह प्रवेश भी करवाया। राज्य मंत्री परमार ने ग्राम ईचीवाड़ा में विधायक निधि लागत राशि 4 लाख रुपये से निर्मित सामुदायिक भवन का लोकार्पण भी किया। उन्होंने विकास यात्रा के दौरान शासन की जन-कल्याणकारी योजनाओं के हितग्राहियों को हितलाभ का वितरण भी किया। स्कूल शिक्षा (स्वतंत्र प्रभार) राज्य मंत्री परमार ने आज 18वें दिन की विकास यात्रा के पूर्व जेएनएस शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय शुजालपुर के स्थापना दिवस के अवसर पर महाविद्यालय में लागत राशि 12 करोड़ 37 लाख रुपए से नवनिर्मित अटल भवन का लोकार्पण किया। इस अवसर पर उन्होंने पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न श्रद्धेय स्व. अटल बिहारी बाजपेयी की प्रतिमा का अनावरण और स्मारिका का विमोचन भी किया। राज्य मंत्री परमार ने महाविद्यालय में लागत राशि 3 करोड़ 86 लाख 87 हजार रूपये से बनने वाले 6 अतिरिक्त कक्षों एवं 1 करोड़ 31 लाख रुपए से बनने वाले अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) कार्यालय भवन के निर्माण कार्यों का भूमि-पूजन भी किया।

## जिला स्तरीय शैक्षिक ओलम्पियाड आज से

**भोपाल।** प्रदेश के सभी शासकीय प्राथमिक एवं माध्यमिक विद्यालयों में कक्षा 2 से 8 का विद्यार्थियों के जिला स्तरीय शैक्षिक ओलम्पियाड 23 और 24 फरवरी को प्रत्येक जिला मुख्यालय पर किया जायेगा।

उल्लेखनीय है कि, इस शैक्षिक ओलम्पियाड अंतर्गत जन शिक्षा केन्द्र स्तर की परीक्षा 19 जनवरी 2023 को प्रदेश के 3056 परीक्षा केन्द्रों पर हो चुकी है। संचालक राज्य शिक्षा केन्द्र धनराजू एस ने बताया कि जन शिक्षा केन्द्र स्तरीय ओलम्पियाड के बाद जिला स्तरीय ओलम्पियाड के लिए प्रत्येक जन शिक्षा केन्द्र के सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाले कक्षा 2, 3, 4 एवं 5 के 2-2 विद्यार्थियों का चयन किया गया है। इसके साथ ही कक्षा 6 से 8 के जिला स्तरीय ओलम्पियाड के लिए जन शिक्षा केन्द्र स्तर पर 5 विधाओं के 4-4 श्रेष्ठ विद्यार्थियों का चयन किया गया है। इन विधाओं में सामान्य ज्ञान आधारित प्रश्न मंच सहित हिन्दी, अंग्रेजी, विज्ञान एवं गणित विषय शामिल हैं। संचालक धनराजू एस ने बताया कि जन शिक्षा केन्द्र स्तर के ओलम्पियाड में शामिल लगभग 6 लाख विद्यार्थियों में से 85 हजार 896 विद्यार्थी जिला स्तरीय शैक्षिक ओलम्पियाड के लिये चयनित हुए हैं। प्रदेश के 43 जिलों के 137 विद्यार्थी ऐसे हैं, जो पाँचों विधाओं में श्रेष्ठ प्रदर्शन कर जिला स्तरीय ओलम्पियाड के लिए चयनित हुए हैं। वहीं प्रदेश के 575 विद्यार्थी 4 विधाओं में तथा 2054 विद्यार्थी 3 विधाओं में तथा 8046 विद्यार्थी 2 विधाओं में श्रेष्ठ साबित कर जिला स्तरीय ओलम्पियाड के लिए चयनित हुए हैं।

स म्पा द की य

# इन मुद्दों पर गौर कौन करेगा?

बेरोजगारी और महंगाई, ये ऐसे प्रमुख मुद्दे हैं, जो किसी न किसी रूप में बने ही रहते हैं। इनमें से भी नई पीढ़ी को नई जिम्मेदारियां देने के लिए रोजगार सबसे महत्वपूर्ण होता है। परंतु क्या वास्तव में रोजगार के मुद्दे पर हम बहुत गंभीर हो पाते हैं? क्या केवल सरकार पर ही निर्भर रहते हुए इसका निराकरण हो सकता है? ये सवाल तो मौजूं हैं ही, पिछले कुछ सालों के दौरान सबसे महत्वपूर्ण सवाल तो रोजगार के लिए आयोजित की जाने वाली भर्ती परीक्षाओं में घोटालों, अनियमितताओं और अन्य कारणों से लाखों बेरोजगारों का जो समय बर्बाद हो रहा है, उसके लिए कौन जिम्मेदार है?

सही ही कहा गया है- बेरोजगारी अपने आप में एक ऐसी समस्या है जो देश की आधी से अधिक जनता को दुखी करती है। जो लोग इस बीमारी से ग्रसित होते हैं, उन्हें दो तरह के दुख झेलने पड़ते हैं। पहला दुख उन्हें अपनी जरूरतों को पूरा नहीं कर पाने का होता है। दूसरा दुख उन्हें शोषित महसूस कराता है, वे ऐसा महसूस करते हैं कि सरकार या समाज उनकी उपेक्षा करते हैं या उनके साथ अन्याय करते हैं। इस समस्या को हल करने के लिए सरकारों ने बहुत सारे योजनाएं बनाई हैं, पर उनमें से कई योजनाओं के प्रभाव उन लोगों तक नहीं पहुँचते जो इन योजनाओं की सबसे ज्यादा ज़रूरत हैं।

इसी परिप्रेक्ष्य में देखा जाए तो रोजगार के लिए जो प्रतियोगी परीक्षाएं होती हैं, उनके तौर-तरीकों और परिणामों पर नजर डालना आवश्यक हो जाता है। देखने में आता है कि एक दशक से अधिक समय से पीएससी सहित कई परीक्षाओं के आयोजन दो-दो साल तक लटके रहे। कभी आवेदन पत्र भरे जाने के दो साल बाद तक परीक्षाएं होती हैं। कोविड-19 महामारी के कारण, कई परीक्षाओं को स्थगित या रद्द कर दिया गया। छात्रों और उम्मीदवारों के लिए इससे बहुत अनिश्चितता पैदा हो गई।

कई मामलों में उम्मीदवार पूरी मेहनत से परीक्षा देकर आते हैं और पेपर लीक की वजह से एग्जाम कैंसिल हो जाता है। इसमें व्यापम से लेकर अन्य कई कांड शामिल हैं, जिनके कारण हजारों छोत्रों का कैरियर बर्बाद हुआ। 2017 का बिहार स्टाफ सिलेक्शन कमीशन हो या राजस्थान पुलिस कांस्टेबल परीक्षा, पेपर लीक के मामले लगातार सामने आते रहते हैं। और मध्यप्रदेश में तो आए साल परीक्षाएं किसी न किसी कारण टल जाती हैं। पेपर लीक से भी बड़े मामले हो जाते हैं।

जब भी इस तरह की घटनाएं होती हैं तो बड़े स्तर पर विरोध प्रदर्शन होते हैं। ऐसी घटनाओं को होने से रोकने के लिए कड़े सुरक्षा उपायों की मांग की जाती है। फिर कुछ दिन बाद सब ठन्डे बस्ते में चला जाता है। पेपर लीक का सबसे बड़ा नुकसान ईमानदार विद्यार्थी के दिमाग और मन पर होता है और उसका व्यवस्था से भरोसा उठ जाता है। क्या 99 प्रतिशत ईमानदार छात्रों के साथ ऐसी बेईमानी और वो भी लगातार, ठीक बात है?

तो क्या हमारे सिस्टम में इसे रोकने के लिए बुनियादी ढांचा और तकनीकी कुशलता नहीं होनी चाहिए? क्या किसी भी तरह की नकल को रोकने तथा निष्पक्ष और पारदर्शी परीक्षा प्रक्रिया सुनिश्चित करने के लिए कड़े उपायों की जरूरत नहीं है? जो वाकई जिम्मेदार हैं, क्या कभी भी उनको दण्डित किया जाता है? कई बार तो देखा जाता है कि ऊपरी तौर पर जांच करके कुछ छोटी मछलियों को फंसा दिया जाता है और असली लोग बच जाते हैं। वे असली जिम्मेदार फिर बच्चों के भविष्य से खेलने का तानाबाना बुनने लगते हैं।

देखा जाए तो कोविड-19 नहीं भी आया होता, तो भी देश की प्रतियोगी परीक्षाओं में, खास तौर पर सरकारी नौकरी के लिए होने वाली परीक्षाओं में रिजल्ट्स और परीक्षाओं का लेट होना आम है। ये कहीं न कहीं हमारे सिस्टम की बड़ी खामी को उजागर करता है। प्रश्न तो उठेगा ही- क्या लाखों युवाओं की जिदंगी के अनेक वर्षों का कोई मोल नहीं है? सामान्य लोग एक जवाब तो देते ही हैं-जो लोग सिस्टम में बैठे हुए हैं, उनके परिजन और उनकी पीढ़ियों पर शायद ऐसी परीक्षाओं से कोई फर्क नहीं पड़ता। उन्हें तो सरकारी से लेकर निजी क्षेत्र में जैसे गिफ्ट में नौकरियां मिल जाती हैं। और यह बात व्यावहारिक तौर पर ठीक भी दिखती है। यहां मुद्दा किसी एक राजनीतिक दल या किसी एक सरकार का नहीं है। मुद्दा बेरोजगारी का है। यह मुद्दा हमारे पूरे समाज को सालता है। यह वो मुद्दा है, जो अपराधों में वृद्धि का भी बहुत बड़ा कारण है। परंतु क्या इसकी चिंता उसी समाज को नहीं है, जो प्रदूषित हो रहा है? यदि चिंता होती, तो क्या आज ये हालात पैदा होते?

और अंत में, क्या सवाल ऐसे ही उठते रहेंगे? और क्या सवाल उठाने वाले ही इस सिस्टम के निशाने पर आते रहेंगे? ये अधिक महत्वपूर्ण है। जो इस समस्या से जूझ रहे हैं, शायद उन्हें ही इसका निराकरण करना होगा, क्योंकि जिस पीढ़ी को चिंता करना चाहिए, वो तो दूसरे मुद्दों पर खेल रही है। हां, इन मुद्दों के दम पर राजनीति भी कर रही है।

# बदहाल पाक और भारत की चुनौतियां

**ब्रह्मदीप अलूने**

राजनीतिक अस्थिरता,आर्थिक बदहाली और आतंकी घटनाओं से बेहाल पाकिस्तान का संकट गहराता जा रहा है। प्रधानमंत्री शहबाज़ शरीफ देश के संकट और चुनौतियों से जनता को आगाह तो कर रहे है लेकिन समस्याओं से उबारने की कोई ठोस योजना प्रस्तुत करने में वे लगातार नाकाम रहे है। रोजमर्रा की चीजों की बेतहाशा बढ़ती कीमतों से आम जनता बेहाल है और सरकार के प्रति लोगों का गुस्सा बढ़ता ही जा रहा है। विदेशी मुद्रा लगभग खत्म होने की कगार पर है,पाकिस्तान के पास आयात के लिए कुछ दिनों और काम चल जाएं,बस इतने ही डॉलर बचे हैं। कई फ़ैक्टरियों का सामान पाकिस्तान के बंदरगाहों पर पड़ा है,लेकिन उसे छुड़ाने के लिए व्यापारियों को बैंकों से डॉलर नहीं पा मिल रहे है। भारत का यह पड़ोसी देश आसमान छूते विदेशी कर्ज़े पर ब्याज़ देने तक के लिए भी संघर्ष कर रहा है। यह स्थिति पाकिस्तान की बदहाली को बतलाती है। रूस-यूक्रेन युद्ध की मार पाकिस्तान पर भी पड़ी है,युद्ध की वजह से दुनिया में तेल की क़ीमतें बढ़ी हैं। पाकिस्तान पेट्रोलियम उत्पादों के आयात पर निर्भर है। तेल की बढ़ती क़ीमतों के कारण खाने-पीने का सामान बेहद महंगा हो गया है। पाकिस्तान का सैन्य खर्च बहुत अधिक है। यहां बुनियादी ढाँचे पर ख़र्च भी कर्ज़े में लिए धन से ही किया जाता है। इसकी सब्सिडी भी एक समस्या ही है।

देश जिस प्रकार अभूतपूर्व संकट का सामना कर रहा है,ऐसे समय में सभी राजनीतिक पार्टियों ने मिलजुलकर समस्याओं का समाधान करना चाहिए। लेकिन पाकिस्तान में ऐसा भी कुछ नहीं है। राजनीतिक प्रतिरोध की भावना बदस्तूर जारी है। पूर्व प्रधानमंत्री इमरान ख़ान के ख़िलाफ़ दर्ज विभिन्न मामलों में फ़ौजदारी क़ानून के तहत कार्रवाई शुरू हो गई है। उन पर प्रदर्शन,तोड़फोड़, सरकारी संपत्ति को नुक़सान पहुंचाने,सरकारी कार्यों में बाधा डालने,सरकारी उपहार लेने और जज को धमकी देने जैसे कई मामलें दर्ज है। इमरान पर आतंकवाद विरोधी क़ानून की धाराएं भी लगाई गई हैं। इन सबके बीच पाकिस्तान की राजनीतिक पार्टी तहरीक-ए-इंसाफ का मौजूदा सरकार के विरुद्द विरोध बढ़ता जा रहा है। इमरान खान पर की जा रही कार्यवाहियों को राजनीतिक प्रतिशोध के रूप में देखा जा रहा है। इमरान की कथित बेटी टेरियन व्हाइट की जानकारी छुपाने को लेकर इमरान खान को चुनाव लड़ने से आजीवन अयोग्य ठहराया जा सकता है। इमरान लांग मार्च और रैलियों में सरकार की नियत पर सवाल उठा रहे है और इससे देशभर में सरकार के खिलाफ विरोध प्रदर्शनों में भारी वृद्धि हुई है। पिछले साल सत्ता खोने से नाराज इमरान खान तुरंत आम चुनाव करवाना चाहते है और इससे देश में राजनीतिक अस्थिरता बढ़ी है। उनका दावा है कि उन्हें पद से हटाना संविधान की नज़र में ग़लत था और पाकिस्तान में तुरंत चुनाव करवाए जाएं। जबकि पाकिस्तान की मौजूदा सरकार वक़्त से पहले चुनाव की मांग ठुकराती रही है।

आंतरिक अव्यवस्था से जूझते पाकिस्तान के पड़ोसी देशों से सम्बन्ध भी बद से बदतर ही नजर आते है। भारत को लेकर उसकी विद्वेषपूर्ण नीति में कोई बदलाव नहीं आया है और कश्मीर पर पाकिस्तानी नेताओं का विषवमन बदस्तूर जारी है। अफगानिस्तान में तालिबान के सत्ता में आने के बाद पाकिस्तान में आंतरिक सुरक्षा को लेकर संकट गहरा गया है। अफगानिस्तान के लोग और तालिबान अंग्रेजों द्वारा खींची गई डूरंड रेखा को नहीं मानते। पाकिस्तान से अफ़ग़ानिस्तान में डॉलर की तस्करी हो रही है। इस वजह से पाकिस्तानी रुपया और कमज़ोर हो रहा है। हाल के दिनों में पाक अफगान सीमा पर दोनों देशों के बीच हिंसक संघर्ष बढ़े है। वहीं तालिबान से दोस्ताना संबंध रखने वाले एक चरमपंथी संगठन तहरीक-ए-तालिबान ने पाकिस्तान के कई इलाकों में आतंकी हमलें किये है।

तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान पिछले 14 साल से देश में कड़े इस्लामी कानून लागू करने के लिए लिए लड़ रहा है। टीटीपी देश में अल्पसंख्यको,महिलाओं और उदारवादियों पर हमले करता रहा है। टीटीपी चाहता है कि सरकार कैद में डाले गए उसके सदस्यों को रिहा करे और पहले के जनजातीय इलाकों में सेना की मौजूदगी घटाएं। अफगानिस्तान से लगे सरहदी इलाकों में टीटीपी अपना वर्चस्व बढ़ाने में लगा है इसलिए वह इन इलाकों में पाकिस्तान की फौज की तैनाती हटाना चाहता है। टीटीपी इन इलाकों में शरिया कानून के आधार पर हुकूमत चलाना चाहता है और इस वजह से पाकिस्तान की फौज से उसका टकराव होता रहता है। 2007 में इस आतंकी संगठन ने पाकिस्तान में कई बड़े आतंकी हमलों को अंजाम दिया है जिसमें 2008 में इस्लामाबाद में मेरियट होटल पर बमों से हमला,2009 में पूरे सेना के मुख्यालयों समेत पूरे पाकिस्तान में हमलें,2012 में नोबेल विजेता मलाला युसुफ़ज़ई पर हमला और 2014 में पेशावर में आर्मी स्कूल पर भीषण हमला शामिल है। इस हमले में क़रीब 150 लोगों की मौत हुई थी जिनमें से अधिकांश बच्चे थे।

पाकिस्तान की मौजूदा सरकार टीटीपी से रिश्तों को लेकर इमरान खान पर निशाना साध रही है। शाहबाज़ शरीफ का कहना है कि इमरान खान ने ही सरहदी इलाकों में तहरीक ङ्कए ङ्कतालिबान पाकिस्तान के लड़ाकों को बसाया,जो अब नासूर बन गए है। टीटीपी के लिए अफगान एक सुरक्षित ठिकाना है और उसके आतंकी अक्सर पाकिस्तान सेना और पुलिस पर हमलें करके अफगानिस्तान में छुप जाते है। अफगान तालिबान टीटीपी को ज्यादा नाराज नहीं करना चाहेगा। आखिरकार टीटीपी ने उसके साथ मिल कर पश्चिमी देशों की सेनाओं से काफी लड़ाई लड़ी है। यह भी दिलचस्प है कि आतंकी संगठनों को समर्थन को लेकर पाकिस्तान के राजनीतिक दलों



जैसी ही स्थिति सेना में भी है। पाकिस्तानी सेना में आला अफसरों के कई गुट बने हुए हैं और उनमे आपसी हितों को लेकर जबरदस्त टकराव है। सेना के भीतर लड़ने वाले एक गुट एक दूसरे के खिलाफ टीटीपी का इस्तेमाल करते हैं। जनरल बाजवा के सैन्य प्रमुख के पद से हटते ही टीटीपी द्वारा पाकिस्तान में आतंकी हमलों की शुरुआत महज संयोग नहीं बल्कि सैन्य अफसरों में फूट को उजागर करती है।

आर्थिक संकट से जूझते पाकिस्तान में चीन का विरोध भी बढ़ता जा रहा है और चीनी इंजीनियर्स और चीनी नागरिकों पर देश में हमलें बढने से पाकिस्तान का यह प्रमुख सहयोगी नाराज है। चीन-पाकिस्तान आर्थिक गलियारे की कई परियोजनाओं का काम इस समय रोक दिया गया है। सीपीईसी को चीन के बेल्ट ऐंड रोड इनिशिएटिव का बेहद अहम पहलू माना जाता है। इसका मक़सद मध्य पूर्व, अफ़्रीका और यूरोप से नए ज़मीनी और समुद्री संपर्क बढ़ाना है। इस परियोजना की औपचारिक शुरुआत 2015 में हुई थी। तब दोनों देशों के नेताओं ने इस विशाल परियोजना की शुरुआत के लिए 51 सहमति पत्रों पर दस्तख़त किए थे। उस समय चीन-पाकिस्तान आर्थिक गलियारे की लागत लगभग 46 अरब डॉलर आंकी गई थी। हालांकि अब इसमें कई नई परियोजनाएं जुड़ जाने से इसकी लागत 62 अरब डॉलर तक पहुँच गई है। पाकिस्तान की सरकार इस परियोजना को पाकिस्तान के भविष्य की योजना बताती है,जिसमें सड़कें,रेल लाइनें,बिजलीघर और औद्योगिक क्षेत्रों का विकास करना शामिल है।

पाकिस्तान के बलूचिस्तान प्रान्त में सोने,तांबे और गैस के बड़े भंडार है और चीन की इन पर नजर है। प्राकृतिक संसाधनों से भरपूर यह इलाका,पाकिस्तान की नकारात्मकता का शिकार रहा है और यह गरीबी और अशिक्षा से अभिशिप्त है। बलूचिस्तान में पाकिस्तान का गहरा विरोध है और वे अपनी पहचान को पाकिस्तान से अलग कर देखते है। बलूचिस्तान के लोगों का कहना है कि पाकिस्तान आर्थिक कठिनाइयों से गुज़र रहा है। उसे पैसे की ज़रूरत है और वो इस मुश्किल को हल करने के लिए हमारा इलाक़ा चीन को बेचने की कोशिश कर रहे हैं। आतंकवादी और ख़ास तौर से दक्षिणी पश्चिमी बलोचिस्तान सूबे के उग्रवादी,चीन के हितों और उसके नागरिकों को निशाना बनाते रहे हैं। इन हमलावरों ने चीन को बार-बार इन परियोजनाओं से बाज़ आने और पाकिस्तान से चले जाने या फिर अंजाम भुगतने की धमकियां दी हैं। पहले पाकिस्तान की फ़ौज ने सीपीईसी की सुरक्षा की गारंटी ली थी लेकिन अब न तो पाकिस्तान की फौज का रुख सकारात्मक है और न ही चीनियों को उनकी सुरक्षा पर भरोसा रहा है। 2018 में इमरान ख़ान के सत्ता में आने के बाद से सीपीईसी की रफ़्तार ख़ास तौर से धीमी हो गई है। इमरान ख़ान को भ्रष्टाचार के ख़िलाफ़ मुहिम चलाने के नाम पर हुकूमत हासिल हुई थी और वो सीपीईसी से जुड़े ऐसे कई प्रोजेक्ट में पारदर्शिता की कमी का सवाल उठा रहे थे,जो उनके पहले के प्रधानमंत्री नवाज़ शरीफ़ के राज में शुरू हुई थीं।

बलूचिस्तान के साथ ही अब तो पूरे पाकिस्तान के लोगों में चीन को लेकर बैचेनी बढ़ गई है। पाकिस्तान के आर्थिक और राजनीतिक विश्लेषक यह साफ कहते है कि चीनी कर्ज की ब्याज दर बहुत ज्यादा होने से पाकिस्तान क़र्ज़ का समय पर भुगतान कर पाने में नाकाम रहेगा। इससे चीन पाकिस्तान की संप्रभुता को प्रभावित कर सकता है। पाकिस्तान का पढ़ा लिखा तबका भी चीन-पाकिस्तान आर्थिक गलियारें की शर्तों को लेकर संशय में है। उनका मानना है कि इस अदूरदर्शी परियोजना ने पहले ही नक़दी के संकट से जूझ रहे पाकिस्तान के इर्द-गिर्द क़र्ज़ का एक और जाल बुन डाला है और उसकी लंबे समय से चली आ रही वित्तीय मुश्किलों को बढ़ाने का काम ही किया है। अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष ने एक रिपोर्ट इसकी पुष्टि भी करती है, जिसमें बताया गया था कि पाकिस्तान पर लदे विदेशी क़र्ज़ का 30 फ़ीसदी तो अकेले चीन का ही लोन है। इसमें चीन के सरकारी बैंकों का दिया हुआ क़र्ज़ शामिल है। वास्तव में पाकिस्तान पर क़र्ज़ के बोझ में चीन के बैंकों की हिस्सेदारी अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष और विश्व बैंक के ऋण से भी अधिक है। पाकिस्तान को चीन,संयुक्त अरब अमीरात और सऊदी अरब जैसे मित्र देशों से हमेशा अच्छी मदद मिलती रही है लेकिन पाकिस्तान से उनके हित पूरे होते नहीं दिख रहे। खासकर पाकिस्तान में विकास योजनाएं पूरी नहीं होती और यहां किसी भी देश के व्यवसायिक हित खटाई में पड़ जाते है।

इस समय पाकिस्तान में जैसे हालात हो गए है वह श्रीलंका जैसे ही है। पिछले साल श्रीलंका में ईंधन,खाद्यान और अन्य ज़रूरी सामान ख़रीदने के लिए पैसे ख़त्म हो गए थे। इसके बाद श्रीलंका के नागरिकों ने राष्ट्रपति भवन पर कब्ज़ा कर लिया था। इन अभूतपूर्व स्थितियों के बीच राष्ट्रपति को अपना पद छोड़ने पड़ा था और अंतरिम सरकार सत्ता में आई थी। हालांकि पाकिस्तान के राजनीतिक हालात इससे बिल्कुल अलग है। यहां सरकार को अपदस्थ कर कभी भी सेना,व्यवस्था को अपने हाथ में ले सकती है। जाहिर है यदि बदहाल पाकिस्तान में सैन्य शासन फिर से लागू होता है तो भारत के लिए स्थितियां ज्यादा ज्यादा चुनौतीपूर्ण बन सकती है। इतिहास गवाह है कि पाकिस्तान में जब भी सैन्य शासन रहा है,भारत के साथ उसका तनाव चरम पर होता है। सीमा पर अकारण गोलाबारी,आतंकी घुसपैठ और कश्मीर में आतंकी हमलों की आशंका बढ़ जाती है।

# बाघों पर आया संकट और निवारण ?

**-राकेश दुबे**

मेरे सामने राष्ट्रीय बाघ संरक्षण प्राधिकरण (एनटीसीए) के आँकड़े हैं। ये आँकड़े कह रहे हैं,इस साल के शुरुआती 50 दिनों में 30 बाघ मर चुके हैं। यह तीन वर्षों में बाघों की मौत की सबसे बड़ी संख्या है और इसकी वजह से पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय को मौतों के कारणों की जांच में तेजी लानी पड़ी है। यह संख्या राष्ट्रीय बाघ संरक्षण प्राधिकरण (एनटीसीए) के लिए चिंता का कारण है। एनटीसीए भारत में प्रत्येक बाघ के मृत्यु दर का ब्योरा लेने के लिए जिम्मेदार एजेंसी है।जिसके द्वारा हर बाघ की मौत की जांच की जाती है।

एनटीसीए के कड़े दिशानिर्देश हैंजिनके के अनुसार, अगर बाघ अभयारण्य में बाघ की मौत हुई है तो इसकी जांच के लिए क्षेत्र निदेशक जिम्मेदार होते हैं। संरक्षित क्षेत्र (राष्ट्रीय उद्यान/वन्यजीव अभयारण्य) के लिए, संबंधित प्रबंधक जांच के प्रभारी होते हैं। अन्य क्षेत्रों (राजस्व भूमि / संरक्षण रिजर्व/ सामुदायिक रिजर्व/ गांव / टाउनशिप) में वन्यजीव (संरक्षण) अधिनियम, 1972 के अनुसार वन्य जीव वार्डन या प्रभागीय वन अधिकारी/उप वन संरक्षक इसकी जांच के लिए जिम्मेदार अधिकारी होते हैं जिसके अधिकार क्षेत्र में यह इलाका आता है। राज्य स्तर पर पूरी जिम्मेदारी संबंधित राज्य के मुख्य वन्यजीव वार्डन की होती है।

एनटीसीए के 2012 से जुलाई, 2022 तक के आंकड़ों के अनुसार, सभी मौतों में से लगभग 53 प्रतिशत मौत बाघ अभयारण्यों के भीतर हुई है,जबकि बाघों की मृत्यु का 35 प्रतिशत बाघ अभयारण्यों की सीमा के बाहर दर्ज किया गया था और बाकी 12 प्रतिशत की मौत कब्जा के कारण हुई थी।इसमें भी राज्य सरकार द्वारा बाघ की मौत की पुष्टि करने के बाद ही डेटाबेस में बाघ की मौत दर्ज की जाती है। जब बाघों की मौत की बात आती है तब एनटीसीए की प्रक्रिया सख्त होती हैं। प्रारंभ में सभी बाघों की मौतों को 'अवैध शिकार' की घटना माना जाता है जब तक कि जांच में कुछ और न साबित हो जाए।

बाघ की मौत के मामले को बंद करने और इसे 'प्राकृतिक', 'अवैध शिकार' या 'अप्राकृतिक लेकिन अवैध शिकार नहीं होने' के रूप में वर्गीकृत करने के लिए पोस्टमार्टम रिपोर्ट, फॉरेंसिक और लैब रिपोर्ट और परिस्थितिजन्य साक्ष्य जैसे पूरक विवरण भी जुटाए जाते हैं।मृत शरीर से जुड़ी रिपोर्ट, पैथोलॉजी रिपोर्ट, रंगीन तस्वीरों, फॉरेंसिक रिपोर्ट और मानक संचालन प्रक्रिया के तहत अन्य रिपोर्टों जैसे पर्याप्त सबूतों के साथ मौत को प्राकृतिक या शिकार होने की प्रक्रिया साबित करने की जिम्मेदारी राज्य पर है।

इन मामलों में बेहद कड़ाई बरती जाती है, स्पष्ट सबूतों के अभाव में, किसी निष्कर्ष पर पहुंचने के लिए सहायक रिपोर्टों का उपयोग किया जाता है। ऐसे मामलों में अंतिम विश्लेषण दिल्ली में एनटीसीए मुख्यालय में किया जाता है। हालांकि, अगर जांच खत्म होने के बाद भी संदेह बना रहता है तब मौत का कारण अवैध शिकार के रूप में वर्गीकृत किया जाता है।वन अधिकारियों के अनुसार, मौत के कारणों का पता लगाने की पूरी प्रक्रिया में एक साल से अधिक समय लग सकता है। जांच में देरी के कारण के बारे में पूछे जाने पर, अधिकारिक जानकारी मिली कि कारण का पता लगाने के लिए फॉरेंसिक जांच में समय लगता है।

वैसे 'देश में बाघों की मौत की फॉरेंसिक जांच करने वाली बहुत कम प्रयोगशालाएं हैं। इनमें से कुछ प्रयोगशालाएं मानव शरीर पर फॉरेंसिक जांच भी करती हैं, जिन्हें बाघों की तुलना में ज्यादा तरजीह मिलती है।' एनटीसीए के 2012 से जुलाई, 2022 तक के आंकड़ों के अनुसार, बाघों की मृत्यु दर के करीब 72 प्रतिशत मामलों को पोस्टमार्टम और फॉरेंसिक रिपोर्ट की जांच के बाद बंद कर दिया गया है और 28 प्रतिशत से अधिक मामले जांच के लिए लंबित हैं।

वन अधिकारियों के अनुसार बाघों की मौत का मुख्य कारण, क्षेत्रीय विवाद, उम्र और स्वास्थ्य से जुड़े मुद्दे, अवैध शिकार और करंट लगना है। एनटीसीए के 2012 से 2022 तक के मृत्यु दर के आंकड़ों से पता चलता है कि इस अवधि के दौरान जांच की गई 762 बाघों की मौतों में से लगभग 55 प्रतिशत प्राकृतिक मौतें थीं जबकि 25 प्रतिशत मौत की वजह अवैध शिकार था। करीब 14 प्रतिशत बाघों की मौत कब्जा करने की वजह से हुई और यह तीसरा सबसे बड़ा कारण था। बाकी मौत को अप्राकृतिक गैर-अवैध शिकार से हुई मौतों के रूप में जिम्मेदार ठहराया गया।

# अडानी का ढहता साम्राज्य...हिंडनबर्ग रिसर्च और विपक्षी वार



**एनके त्रिपाठी**

कन्याकुमारी से श्रीनगर तक की यात्रा समाप्त कर आत्मविश्वास से भरे राहुल गांधी को हिंडनबर्ग रिसर्च की रिपोर्ट का ईश्वर प्रदत तोहफ़ा मिल गया है। संसद के बजट से पूर्व उन्हें यह तोहफ़ा उसी प्रकार मिला है जैसे पूर्व में फ्रांसीसी मैगज़ीन मीडियापार्ट द्वारा राफेल जेट फाइटर डील में हुए तथाकथित घोटाले का रहस्योद्घाटन किया गया था। संसद में राहुल ने हिंडनबर्ग रिसर्च की रिपोर्ट के आधार पर बहुत आक्रामक भाषण दिया। 2019 के आम चुनावों में पूरे भारत में राहुल को राफ़ेल पर मोदी को लगातार चोर कहने का अवसर प्राप्त हुआ था। लेकिन इससे कांग्रेस को चुनाव में कोई लाभ नहीं हुआ। अब पुन: अवसर मिला है।

हिंडनबर्ग रिसर्च की रिपोर्ट में भारत के तेज़ी से उठते हुए उद्योगपति अडानी के ऊपर गंभीर आरोप लगाए गए हैं जिससे स्टॉक एक्सचेंज में उनके शेयर आज तक 56त्न तक गिर चुके हैं। अम्बानी और अडानी के विरुद्ध राहुल गांधी पूर्व से ही तीखे आक्रमण करते रहे हैं। इन उद्योगपतियों की सफलता का एकमात्र कारण विपक्ष मोदी से उनकी निकटता बताता रहा है। भारत के पहले चार दशक के समाजवाद की रोमांटिक छाप लेकर राहुल गांधी ने इस उदारीकरण के युग में मोदी की सरकार को सूट बूट की सरकार कह कर निरंतर मोदी पर हमले किये हैं।

स्टॉक एक्सचेंज की गहरी बारीकियां सामान्य व्यक्ति के लिए कुछ जटिल है। यह जानना आवश्यक है कि हिंडनबर्ग रिसर्च कौन है और उनके द्वारा आडानी पर लगाए गए आरोप क्या है? हिंडन बर्गर रिसर्च अमेरिका स्थित एक इनवेस्टमेंट फ़र्म है। इस फ़र्म की गतिविधियों के कारण इसे ऐक्टिविस्ट शॉर्ट सेलर कहा जाता है। हिंडनबर्ग रिसर्च द्वारा संसद के बजट सत्र के पूर्व जारी रिपोर्ट में आरोपित है कि अडानी ने स्टॉक शेयर की मूल्य वृद्धि में हेरा-फेरी की है तथा अपने एकाउंट्स में जालसाजी की है। उनके अनुसार अडानी ने अपनी शैल कम्पनियों के द्वारा अपने स्वयं के स्टॉक ख़रीद कर अपने शेयर की क़ीमत नक़ली तौर से बढ़ायी है। उल्लेखनीय है कि जब स्टाक ख़रीदे जाते हैं तो उसके मूल्य बढ़ जाते हैं और जब स्टाक बिकने लगते हैं तो उसका मूल्य कम हो जाता है।

आरोपित है कि इस नक़ली ख़रीदी से अडानी के शेयर का मूल्य 13.3 से 286 के अनुपात में बढ़ गया। यह एक आश्चर्यजनक बढ़त थी। हिंडनबर्ग की रिपोर्ट से ही अडानी के शेयर तेज़ी से गिरने लगे है और इसके मूल्य गिराने के लिए हिंडनबर्ग रिसर्च ने और भी सभी प्रयास किये हैं क्योंकि अड़ानी के शेयर के भाव गिरने से हिंडनबर्ग रिसर्च को अभूतपूर्व लाभ होना था। हिंडनबर्ग रिसर्च फ़र्म पूर्व में कई बार बढ़ते शेयरों वाली अन्य फ़र्मों को निशाना बनाकर लाभ अर्जित कर चुकी है।

अड़ानी की भूमिका से पहले हिंडनबर्ग रिसर्च की कार्यप्रणाली को भी समझ लेना चाहिए। यह फ़र्म सबसे पहले ऐसे स्टॉक का चयन करती है जो असामान्य रूप से अधिक मूल्य का हो गया हो। उसके बाद यह फ़र्म उस बढ़े हुए स्टॉक की बड़ी मात्रा को एजेंटों से उधार ले लेती हैं। इन उधार में लिए गए शेयर को वे ऊँचे भाव पर बाज़ार में बेच देते हैं। उनकी रिपोर्ट और उनकी गतिविधियों के प्रभाव से जब शेयरों का मूल्य बहुत कम हो जाता है तब वे अपने उधार लिए हुए शेयर को जिनसे उधार लिया है उन्हें वापस कर देते हैं।



इस प्रक्रिया में उन्हें बहुत भारी लाभ होता है। इस प्रकार की शॉर्ट सेलिंग की गतिविधियों की व्यापक जाँच अमेरिका के जस्टिस डिपार्टमेंट द्वारा अनेक फर्मों की की जा रही है जिसमें हिंडनबर्ग रिसर्च भी सम्मिलित है।

अडानी पर लगाए गए हिंडनबर्ग रिसर्च के आरोपों की निष्ठा से जाँच होना आवश्यक है। ऐसी जाँच करने की क्षमता केवल सेबी के पास है और यह उसका दायित्व भी है। सेबी को यह देखना होगा कि अडानी के स्टाक के मूल्यौ इतनी तेज़ी से वृद्धि कैसे हुई। हिंडनबर्ग रिसर्च द्वारा लगाए गए आरोपों की बारीकी से जाँच होनी चाहिए। सेबी को तेज़ी से बढ़ते हुए स्टॉक पर वैसे भी विशेष निगाह रखनी चाहिए थी और शेयरधारकों के हितों का संरक्षण करना चाहिए था। सेबी को यह भी देखना चाहिए कि क्या हिंडनबर्ग रिसर्च द्वारा किसी भारतीय क़ानून का उल्लंघन किया गया है। स्टॉक एक्सचेंज में लिस्टेड कंपनी के गवर्निंग बोर्ड में इंडिपेंडेंट डायरेक्टर्स को भी फ़र्म की गतिविधियों पर निगाह रखना आवश्यक है।

विपक्ष द्वारा संयुक्त संसदीय समिति के द्वारा जाँच की माँग की जाना एक राजनैतिक विषय है। जेपीसी के पास स्टॉक के मुद्दों में गहराई से जाने की क्षमता नहीं है तथा यदि उसकी जाँच होती है तो रिपोर्ट राजनैतिक भाषा में अधिक होगी। 2त्न के मुद्दे पर इसी प्रकार की जेपीसी की माँग को तत्कालीन कांग्रेस सरकार द्वारा निरस्त कर दिया गया था और इस कारण संसद के अनेक सत्रों को बीजेपी ने नष्ट कर दिया था। विपक्षी दल, विशेष रूप से कांग्रेस पार्टी मोदी पर अडानी की सहायता करने के आरोपों को ज्वलंत रखते हुए इसे 2024 के आम चुनाव का एक प्रमुख मुद्दा बनाना चाहती है। अब देखना होगा कि यह मुद्दा चुनाव में कितना कारगर होगा या फिर राफ़ेल की तरह इसका भी हश्र होगा।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक भरत पटेल द्वारा इंडिपेंडेंट प्रेस 11, प्रेस काम्प्लेक्स, एमपी नगर, जोन-1, भोपाल से मुद्रित तथा 226, एमपी नगर जोन-2, भोपाल से प्रकाशित। संपादक — भरत पटेल, प्रबंध सलाहकार — भारती पटेल, संपादकीय सलाहकार — विष्णु कौशिक, सलाहकार संपादक - स्मिता पटेल, स्थानीय संपादक —संजय सक्सेना,
प्रकाशन से संबंधित समस्त समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार। समस्त न्यायिक कार्यवाहियों के लिए क्षेत्राधिकार भोपाल न्यायालय का रहेगा। रजि. नं. भोपाल डिवी. 48 म.प्र.। ई-मेल : dspbpl67@gmail.com, वेबसाईट: dainiksandhyaprakash.in

# मुख्यमंत्री चौहान ने तेंदूपत्ता संग्राहकों को वितरित की 78 करोड़ की बोनस राशि

## लाड़ली बहना योजना के लाभ से महिलाएं होंगी सशक्त, बढ़ेगा आत्मसम्मान- मुख्यमंत्री श्री चौहान





सिवनी- मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने लखनादौन में आयोजित लघु वनोपज सहकारी समिति की क्षमता वृध्दि के लिए आयोजित प्रशिक्षण सह जागरूकता कार्यक्रम में आज 13 वनमण्डलों के प्राथमिक लघु वनोपज सहकारी समिति के तेंदूपत्ता संग्राहकों को 78 करोड़ रूपये की बोनस राशि वितरित की। उन्होंने कार्यक्रम में विभिन्न विभागों के 298.49 करोड़ रूपये लागत के कुल 48 विकास कार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन किया। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने लघु वनोपज संघ द्वारा निर्मित महुआ प्राश की लॉचिंग भी कार्यक्रम के माध्यम से की। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि वन उपज में आश्रित आदिवासी भाईयों, बहिनों के जीवन में परिवर्तन लाने के लिये सरकार कोई कसर नहीं छोड़ेंगी। जनजातीय बंधुओं के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन के लिये प्रदेश शासन द्वारा लगातार प्रयास जारी है।

**10 जून से बहनों के खाते में आने लगेंगे पैसे:** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रदेश की महिलाओं के सशक्तिकरण की दिशा में चलाई जाने वाली महत्वाकांक्षी ÷लाड़ली बहना योजना÷ के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने कहा कि बहनों के लिये उपहार स्वरूप यह योजना प्रारंभ कर रहे है। इस योजना के तहत प्रतिमाह बहनों के खातों में एक हजार रूपये की राशि डाली जायेगी। बहनों को आर्थिक रूप से सशक्त एवं स्वावलंबी बनाने के लिए यह योजना है। बहनों के सशक्त होने से परिवार सशक्त होगा। परिवार से समाज एवं समाज से प्रदेश व देश सशक्त होगा।

मुख्यमंत्री श्री चौहान ने बताया कि इस योजना का शुभारंभ 5 मार्च को प्रदेश स्तरीय आयोजन में किया जायेगा। उक्त योजना के आवेदन के लिये बहनों को भटकना ना पड़े इसलिए, मार्च व अप्रैल माह में गांव में ही शिविर आयोजित कर फॉर्म लिये जायेंगे। इसके बाद मई माह में सूची जारी की जायेगी। 10 जून से बहनों के खातों में राशि आना चालू हो जायेगी। उन्होंने कहा कि लाडली बहना योजना एक सामाजिक क्रांति साबित होगी। योजना के लाभ से बहनों की आर्थिक स्थिति सशक्त होगी। जिससे परिवार की भी आर्थिक स्थिति सुदृढ़ होगी। उन्होंने कहा कि बहनें विवेकपूर्ण तरीके से योजना अंतर्गत प्राप्त राशि का उपयोग करते हुये बचत भी कर सकेगी और अच्छे कार्यों में परिवार को बेहतर सहयोग दे सकेंगे।

**विकास कार्यों के लिए नगरीय निकायों को 2-2 करोड़ रूपये देने की घोषणा:** मुख्यमंत्री श्री चौहान अपने उदबोधन में हर्रई बिजना माईक्रो ऐरीगेशन योजना को स्वीकृति प्रदान की, लखनादौन में खेल मैदान बनाए जाने सहित जिले के विकास के लिए अन्य महत्वपूर्ण परियोजनाओं स्वीकृति की घोषणा की। उन्होंने प्रदेश के प्रत्येक नगरीय निकाय को विकास कार्यों के लिए 2-2 करोड़ रूपये की राशि देने की घोषणा भी अपने उदबोधन में की।

**बंद होंगे सभी अहाते:-** मंदिरों, स्कूलों-कॉलेजो से 100 मीटर दूरी में नहीं खोली जायेगी शराब दुकानें मुख्यमंत्री श्री चौहान ने अपने संबोधन में नई आबकारी नीति में किए गए संशोधन के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने बताया कि शराबखोरी जैसी सामाजिक बुराई को समाप्त करने के लिये राज्य शासन द्वारा निर्णय लिया गया है कि 01 अप्रैल से प्रदेश के सभी शराब अहाते बंद किए जाएंगे। इसी तरह मंदिरों, स्कूलों, कॉलेजों से 100 मीटर दूरी में कोई भी शराब दुकान नहीं खोली जायेगी।

**आदिवासियों के हितों के संरक्षण के लिये लाया गया पेसा अधिनियम:** मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि अधिसूचित क्षेत्रों में पेसा अधिनियम के लागू हो जाने से आदिवासी भाई बहनों को काफी सहूलियत होगी। आदिवासियों के हितों के संरक्षण के लिये पेसा अधिनियम लागू किया जा रहा है। इस अधिनियम के लागू हो जाने से तेंदूपत्ता तोड़ने की जिम्मेदारी ग्रामसभा निभायेगी। इस कार्य के लिये तेंदूपत्ता संग्राहकों को प्रशिक्षण दिया जायेगा और उनकी मजदूरी राज्य सरकार देगी। वनोपज जैसे हर्रा, बहेड़ा, सालबीज, आंवला आदि का संग्रहण कर इन उत्पादों को बेचने की आजादी आदिवासी भाई बहनों के पास होगी। इससे गांव का पैसा गांव में ही आयेगा।

## गुणवत्ताहीन भोजन देने पर 23 स्व सहायता समूहों पर कार्यवाही

शिवपुरी -पोहरी अनुविभाग में आंगनबाड़ी व स्कूलों में मध्यान्ह भोजन योजना के तहत कार्य करने वाले 23 स्व सहायता समूह कार्यवाही की जद में आए हैं। पोहरी एसडीएम राजन बी नाडिया ने इन 23 स्व सहायता समूह द्वारा मैन्यू अनुसार भोजन वितरित न करने व गुणवत्ताहीन भोजन परोसने की शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए पिछले माह अधीनस्थ अधिकारियों को जांच सौंपी थी। इस व्यापक जांच के बाद शिकायत प्रमाणिक मिलने पर विकासखण्ड स्तरीय अनुश्रवण समिति में शामिल सीईओ जनपद पंचायत, सीएमओए परियोजना अधिकारी महिला बाल विकास व बीआरसीसी ने इन गैर जिम्मेदार स्व सहायता समूहों का अनुबंध समाप्त करने का प्रस्ताव रखा जिस पर मोहर लगाते हुए एसडीएम नाडिया ने 23 स्वसहायता समूहों का अनुबंध समाप्त कर दिया है। नए सिरे से समूह को कार्य सौंपे जाने तक शाला प्रबंधन समिति को एमडीएम वितरण का दायित्व सौंपा गया है। मैन्यू अनुसार भोजन वितरण न करने वाले जिन 23 स्व सहायता समूहों पर कार्यवाही की गई उनमें ठाकुर बाबा समूह दौरानी, जय काली माँ समूह नहरगढ़ा, ठाकुरबाबा समूह बागलौन, भवानी माता समूह सिलपरी, सरस्वती समूह नारायणपुरा-ऐसवाया, सरस्वती समूह अहेरा-नारायणपुरा, मां शती समूह गडरिया मोहल्ला पोहरी, सिद्धबाबा समूह अमरौदा, मां शीतला समूह राजपुरा, गनपती समूह भैसरावन, श्रीराम समूह बमरा, बनवासी समूह नौन्हेटाखुर्द, जयहनुमान समूह पचीपुरा, जय बद्री विशाल समूह बैराड, राम जानकी समूह डोभा, जयबेर बाबा समूह आंकुर्सी, हरिओम समूह जौराई, बालाजी समूह बगवासा खुर्द, राधे कृष्णा समूह मडखेड़ा शामिल हैं।

## 4 अतिथि शिक्षक मिले गैरहाजिर, वेतन काटा

शिवपुरी - लगातार जारी मोबाइल मॉनिटरिंग के क्रम में बुधवार को एक बार फिर आधा सैंकड़ा स्कूलों में फोन लगाए गए। इस दौरान तीन स्कूलों को छोड़कर शेष सभी विधिवत संचालित मिले। इन तीन स्कूलों में भी कोई नियमित शिक्षक गैरहाजिर नहीं मिला। बुधवार को चार अतिथि शिक्षक ही गैरहाजिर मिले हैं। इनमें उपसिल, बसाई टोला व रिजौदा के स्कूल शामिल है। करैरा के प्रावि बसाई टोला में 10.49 बजे अतिथि देवेन्द्र अहिरवार गैरहाजिर मिले जबकि पोहरी के एकीकृत मावि उपसिल में 11.11 बजे अतिथि शिक्षक दामोदर जाटव व संजय धाकड़ मौजूद नहीं थे। इधर खनियांधाना के मावि गणेश खेड़ा व मावि टपरन में फ्लैक्स बैनर निर्धारित मापदण्ड अनुसार नहीं मिले जबकि कोलारस के मावि रिजौदा में 10ण्45 बजे अतिथि शिक्षक आदित्य प्रताप सिंह अनुपस्थित पाए गए। सभी के खिलाफ नोटिस जारी कर वेतन काटने की कार्यवाही की गई है।

## टिकाऊ कृषि हेतु जैविक खेती विषय पर सेमिनार का आयोजन 24 को

सीहोर। श्री सत्य साई तकनीकी एवं चिकित्सा विज्ञान वि.वि. के स्कूल ऑफ एग्रीकल्चर विभाग द्वारा कल 24 फरवरी को एक राष्ट्रीय सेमिनार का आयोजन किया जा रहा है। विश्वविद्यालय के सभागृह में आयोजित इस राष्ट्रीय सेमिनार में देश के ख्यात जैविक कृषि वैज्ञानिक जैविक कृषि पर अपने विचार व्यक्त करेगें। विश्वविद्यालय के माननीय कुलपति एवं कार्यक्रम के संरक्षक डॉ. मुकेश तिवारी द्वारा प्रदत्त जानकारी के अनुसार कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भारतीय मृदा विज्ञान संस्थान के निदेशक डॉ. ए. बी. सिंह रहेंगे, अन्य प्रमुख वक्ताओं में डॉ. विनोद भार्गव प्रधान वैज्ञानिक केन्द्रीय कृषि अनुसंधान संस्थान, भोपाल, डॉ. सुरेन्द्र घियलहरे वैज्ञानिक भारतीय दलहन संस्थान, रिजनल स्टेशन भोपाल, डॉ. सत्यनेंद्र सिंह तोमर कृषि महाविदयालय, सीहोर, आधुनिक जीवन शैली में जैविक कृषि की महत्ता पर अपने विचार व्यक्त करेगे।

## शाला में शराब के नशे में पाये जाने पर रूफाटा के शिक्षक निलंबित

खरगोन। जनजातीय कार्य विभाग के सहायक आयुक्त ने एकीकृत माध्यमिक विद्यालय रूफाटा के प्राथमिक शिक्षक श्री सौभागसिंह खन्ना को ड्यूटी के दौरान शराब के नशे में पाये जाने पर निलंबित किया है। उल्लेखनीय है कि नवागत कलेक्टर श्री शिवराज सिंह वर्मा ने शिक्षा के क्षेत्र में शिक्षा गुणवत्ता को बेहतर करने के लिए विकास यात्रा के दौरान स्कूलों के भी निरीक्षण करने के निर्देश दिए थे। निर्देशों के पालन में 20 फरवरी को झिरन्या जनपद सीईओ ने एकीकृत माध्यमिक विद्यालय रूफाटा का निरीक्षण किया था। यहां निरीक्षण के दौरान ड्यूटी पर तैनात प्राथमिक शिक्षक श्री सौभाग सिंह खन्ना नशे की हालत में पाये गए थे। इस कृत्य के लिए शिक्षक श्री खन्ना को मप्र सिविल सेवा (आचरण) नियम 1965 के नियम 3 के विपरीत होने से मप्र सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण तथा अपील) नियम 1966 के तहत् तत्काल प्रभाव से निलंबित किया है।

## झींगा पालन का बढ़ावा देने 17 तालाबों को किया चयन

खरगोन। राज्य सहायित मुख्यमंत्री मछुआ समृद्धि योजना अंतर्गत जिले के 17 तालाबों में झींगा पालन को बढ़ावा देने के लिए चयन किया गया है। जिला मत्स्य अधिकारी श्री रमेश मौर्य ने जानकारी देते हुए बताया कि वर्ष 2022-23 में तालाबों में झींगा पालन के लिए जिले के काकड़िया तालाब में 30,000 हजार झींगाबीज डाले गए। यह कार्य सरपंच, सचिव, ग्राम पंचायत काकरिया, सहायक संचालक मत्स्य उद्योग खरगोन एवं मत्स्य निरीक्षक व स्थानीय नागरिकों की उपस्थिति में संचयन कार्य कराया गया।

## छह विधानसभा क्षेत्रों में विकास यात्रा के दौरान भूमिपूजन कार्य

खरगोन । 5 फरवरी से जिले की छः विधानसभा क्षेत्रों में प्रारंभ हुई विकास यात्राओं में 21 फरवरी मंगलवार तक 49 करोड़ 8 लाख के 617 लोकार्पण और 45 करोड़ 64 लाख के 325 भूमिपूजन किए गए हैं। जबकि विकास यात्राओं में अब तक 22735 आवेदन प्राप्त किए गए हैं जिनमें में 11138 आवेदनों को स्वीकृत किए गए हैं। मंगलवार वार को जिले की छः विधानसभा क्षेत्रों में निकाली गई विकास यात्राओं में 1 करोड़ 35 लाख के 12 लोकार्पण और 46 लाख से 16 भूमिपूजन के कार्य किए गए। इनमें भीकनगांव विधानसभा क्षेत्र में 96 लाख रूपये से 4 लोकार्पण, बड़वाह विधानसभा क्षेत्र में 10 लाख रूपये से 2 लोकार्पण और 15 लाख रूपये के 4 भूमिपूजन के कार्य हुए हैं। कसरावद विधानसभा क्षेत्र में 14 लाख रूपये से 2 लोकार्पण और 9 लाख रूपये से 6 भूमिपूजन के कार्य तथा खरगोन विधानसभा क्षेत्र में 15 लाख रूपये से 4 लोकार्पण और 22 लाख रूपये से 6 भूमिपूजन के कार्य किए गए।

# केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह 24 फरवरी को सतना आयेंगे



सतना। माता शबरी जयं थीती समारोह एवं सतना मेडिकल कॉलेज के उद्घाटन में भारत सरकार के मंत्री अमित शाह सतना आएंगे और उनके स्वागत के लिए प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान उनके साथ होंगे साथ ही प्रदेश के कई मंत्री सतना में आयोजित कार्यक्रम में शामिल होंगे

भारत सरकार के केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह 24 फरवरी को सतना जिले के प्रवास पर आ रहे हैंऔर यहां आयोजित कार्यक्रमों में शामिल होंगे। केंद्रीय गृह मंत्री श्री शाह के निर्धारित कार्यक्रमानुसार 24 फरवरी की दोपहर एक बजे हेलीकॉप्टर से मैहर पहुंचकर मां शारदा देवी मंदिर में दर्शन एवं पूजा करेंगे। गृह मंत्री अपरान्ह मैहर से हेलीकॉप्टर द्वारा प्रस्थान कर सतना एयरपोर्ट आयेंगे और यहां सवा तीन बजे हवाई पट्टी के बगल में आयोजित शबरी माता जन्म जयंती अवसर पर कोल जनजाति महाकुंभ के कार्यक्रम में शामिल होंगे। गृह मंत्री सायं 5:15 बजे हेलीकॉप्टर से सतना मेडीकल कॉलेज कैम्पस पहुंचेंगे और नवनिर्मित मेडीकल कॉलेज का उद्घाटन करने के बाद कैम्पस में आयोजित सभा को संबोधित करेंगे। मेडीकल कॉलेज के कार्यक्रम के बाद केंद्रीय गृह मंत्री श्री अमित शाह सतना में रात्रि विश्राम करेंगे। दूसरे दिन *25 फरवरी* को प्रातः 10 बजे केंद्रीय गृह मंत्री श्री अमित शाह सतना से हेलीकॉप्टर द्वारा खजुराहो के लिये प्रस्थान करेंगे। शबरी माता जन्म जयंती समारोह में भाग लेनेजनजातीय कार्य मंत्री मीना सिंह 23 फरवरी को सतना आयेंगी और

23 और 24 फरवरी को सतना प्रवास पर रहेंगी। प्रवास के दूसरे दिन 24 फरवरी को दोपहर 2 बजे हवाई पट्टी सतना में आयोजित शबरी जयंती पर आयोजित कोल समाज के सम्मेलन कार्यक्रम में शामिल होंगी

### केन्द्रीय इस्पात राज्यमंत्री

श्री कुलस्ते प्रातः 9:40 बजे रीवा-आनंदविहार एक्सप्रेस से सतना पहुंचकर सर्किट हाउस में अल्प विश्राम करेंगे। इसके उपरांत केन्द्रीय राज्यमंत्री श्री कुलस्ते केंद्रीय गृह मंत्री के साथ नवनिर्मित सतना मेडीकल कॉलेज के लोकार्पण, शबरी जयंती पर आयोजित कोल जनजाति सम्मेलन कार्यक्रम सहित स्थानीय कार्यक्रमां में सम्मिलित होंगे।

बुंदेलखंड गेराज में राम कथा का दूसरा दिन

# भगवान पर विश्वास करना अंधविश्वास नहीं, सुख शांति और आनंद का विषय है: मैथिलीशरण

छतरपुर,बुंदेलखंड गेराज में आयोजित सप्त दिवसीय राम कथा के दूसरे दिन लक्ष्मण चरित की व्याख्या करते हुए संत मैथिलीशरण जी भाई जी ने कहा कि भगवान पर विश्वास करना अंधविश्वास नहीं है उन्होंने कहा विश्वास तो अंधा ही होता है क्या कभी आंख खोलकर भी विश्वास किया जा सकता है? जीवन में बहुधा दुख का कारण आंख का खुलना है आंख बंद होती है तो दुख का लेश मात्र नहीं होता है, रामकथा का विषय तो यह है कि आप भगवान पर विश्वास भगवान की प्राप्ति के लिए कर रहे हैं अथवा संसार की वस्तुएं पाने के लिए, कथा जादूगरी का विषय नहीं है, सड़क पर तमाशा दिखाने वाले जादूगर की तरह यदि कोई भक्तों की भावुकता भुनाने का काम कर रहा है तो वह श्रद्धा और विश्वास ना होकर जादूगरी है यदि कोई व्यक्ति मेरे अपने भाई बहनों,रुपयों की जानकारी दे रहा है तो इसमें कौन सी जादूगरी है वह तो हमें पहले से ही पता है, भक्तों में भगवान की भावना को कलंकित करने के नाम पर इस तरह का काम करने के पहले हमें सोचना चाहिए कि हमने अंधभक्ति को बढ़ावा दिया है या भगवान की भक्ति को,जीवन में भगवान की भक्ति को बढ़ाइए भगवान के चरणों में प्रेम को बढ़ाइए ना कि अंधविश्वास को, चारों भाइयों के विवाह के बाद महाराज दशरथ के आनंद की कथा सुनाते हुए भाई जी ने कहा कि दशरथ जी को अर्थ धर्म काम और मोक्ष रूपी चारों पुरुषार्थ के फल क्रियाओं सहित प्राप्त हो गएसंत मैथिलीशरण जी ने कहा कि सबसे छोटे भाई शत्रुघ्न अर्थ रूपी पुरुषार्थ है और वह सदा चुप रहते हैं जैसे पैसे को बोलना नहीं चाहिए, अर्थ रूपी पुरुषार्थ की क्रिया लोभ नहीं दान होती है उसी तरह काम रूपी पुरुषार्थ की क्रिया भोग नहीं अपितु योग है, रामायण में लक्ष्मण जी काम के प्रतीक हैं, मानस का योग देखिए लक्ष्मण जी के वन गमन के समय उर्मिला जी उन्हें छोड़ने दरवाजे तक नहीं आई, मनु शतरूपा की कथा सुनाते हुए उन्होंने कहा कि माया जब भगवान का काम करे तब वह आदिशक्ति है, पर माया यदि संसार की वस्तुएं बटोरने में लग जाए तो फिर यह हमारी माया है जिसे अंधविश्वास कहा जा सकता है

# सांस्कृतिक संपत्ति की सुरक्षा और बहाली पर पोशाक खजाने की वापसी शीर्षक वाली प्रदर्शनी का उद्घाटन किया गया



छतरपुर,। मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री डॉ. वीरेन्द्र कुमार, केन्द्रीय संस्कृति मंत्री जी किशन रेड्डी, संस्कृति राज्य मंत्री श्रीमती मीनाक्षी लेखी ने महाराजा छत्रसाल कन्वेंशन हॉल खजुराहो में बुधवार को सांस्कृतिक संपत्ति की सुरक्षा और बहाली पर पोशाक खजाने की वापसी शीर्षक वाली प्रदर्शनी का उद्घाटन किया और रि एड्रेस रिटर्न ऑफ (ट्रेजर्स) का विमोचन किया। उल्लेखनीय है कि भारत सरकार द्वारा 2014 से 2022 तक 229 देश से लेजाई गई और विरासत से जुड़ी वस्तुओ की वापसी कराई गई है उनमें से 25 प्रदर्शित की गई है। प्रदर्शनी पोशाक खजाने की वापसी का उद्देश्य भारत और दुनिया भर में सांस्कृतिक विरासत की सफल वापसी के चुनिंदा उदाहरणों के माध्यम से सांस्कृतिक संपत्ति के प्रत्यावर्तन की भावना, आवश्यकता और भविष्य को प्रदर्शित करना है। प्रदर्शनी सांस्कृतिक वस्तुओं, उनके इतिहास और उनकी सफल वापसी के आसपास की कहानियों के लेंस के माध्यम से प्रत्यावर्तन की अवधारणा को दर्शाएगी।

संस्कृति मंत्रालय भारत सरकार के तत्वावधान में भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण और राष्ट्रीय संग्रहालय संस्थान (हस्छ) और राष्ट्रीय संग्रहालय द्वारा संयुक्त रूप से प्रदर्शनी पुन (विज्ञापन) पोशाक खजाने की वापसी का आयोजन किया गया है। भारत की। यह प्रदर्शनी संस्कृति मंत्रालय द्वारा पूरे भारत में आयोजित जी20 के संस्कृति कार्य समूह (सीडब्ल्यूजी) की बैठकों का हिस्सा है। प्रदर्शनी में प्रदर्शित किए जा रहे सबसे महत्वपूर्ण टुकड़ों में से एक पैरट लेडी है जिसे 2015 में कनाडा द्वारा भारत वापस लाया गया था। यह अब खजुराहो में एएसआई साइट संग्रहालय में रखा गया है।

प्रदर्शनी में भारत भर से लगभग 26 पुरावशेषों को चित्रित किया गया है, जो दुनिया के अन्य हिस्सों से प्रत्यावर्तन के कुछ उत्साह जनक उदाहरणों के साथ-साथ अब तक भारत लौटी पुरावशेषों की तस्वीरों और दृश्यों के साथ पूरक हैं। अब तक विभिन्न देशों से कुल 242 पुरावशेषों को भारत में प्रत्यावर्तित किया गया है। कई अन्य वापस रास्ते पर हैं। सांस्कृतिक संपत्ति को वापस लाने की दिशा में किए गए वैश्विक प्रयास देशों के बीच सांस्कृतिक और अंतर्राष्ट्रीय सहयोग के सर्वोत्तम उदाहरण हैं। ये कला और पुरातनता के टुकड़े, अवैध तस्करी के पिछले शिकार अब सांस्कृतिक राजदूतों और सांस्कृतिक विरासत के प्रत्यावर्तन के अधिवक्ताओं के रूप में प्रदर्शित किए जा रहे हैं।

# जिला अस्पताल के सविलि सर्जन ने किया डॉक्टर और नर्सो का सम्मान

**सीहोर।** राष्ट्रीय मानव अधिकार मंच ने रूद्राक्ष महोत्सव में सम्मिलित होने कुबेरेश्वर धाम पहुंचने वाले लाखों श्रद्धालुओं की सात दिनों तक निरंतर सेवा की है। मंच के कार्यकर्ताओं के द्वारा रेलवे स्टेशन से आने वाले श्रद्धालुओं शासकीय कर्मचारियों पुलिस कर्मियों के लिए तहसील चौराहा पर ठंडे पानी की प्याऊ लगाई गई तो वही बीमार श्रद्धालुओं के लिए नि-शुल्क स्वास्थ्य शिविर भी लगाया गया। जिला अस्पताल के सिविल सर्जन प्रवीण गुप्ता के द्वारा शिविर में सहयोग देने वाले आदेश अस्पताल के डॉक्टर विकास राणे और नर्सो सहित मानव अधिकार मंच के कार्यकर्ताओं का प्रशंसा पत्र भेंट कर सम्मान किया गया। मानव अधिकार मंच के प्रदेशाध्यक्ष नौशाद खान के दिशानिर्देशन में लगाए गए ठंडे पानी की प्याऊ और नि-शुल्क स्वास्थ्य शिविर के समापन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे जिला अस्पताल के सिविल सर्जन डॉ प्रवीण गुप्ता का कार्यकर्ताओं के द्वारा पुष्प मालाओं से सम्मान कर स्वागत किया। प्रदेशाध्यक्ष नौशाद खान ने कहा की अंतरराष्ट्रीय महा शिवपुराण कथा पंडित प्रदीप मिश्रा के द्वारा कुबेरेश्वर धाम में आयोजित रूद्राक्ष महोत्सव में लाखों श्रद्धालुओं देश के कोने कोने से पहुंचे थे। श्रद्धालुओं की सेवा करने का पुनित अवसर मानव अधिकार मंच को मिला।

# विकास यात्रा के दौरान विधायक ने किया विभिन्न निर्माण कार्यों का लोकार्पण व भूमिपूजन




नरसिंहपुर । विकास यात्रा के दौरान बुधवार को नरसिंहपुर विधानसभा क्षेत्र की जनपद पंचायत करेली की ग्राम पंचायत कंधरापुर के ग्राम रहली और ग्राम पंचायत सासबहू में विधायक जालम सिंह पटैल, जनपद पंचायत अध्यक्ष सुश्री प्रतिज्ञा परिहार, जिला पंचायत सदस्य सीताराम नामदेव और अन्य जनप्रतिनिधियों ने विभिन्न निर्माण कार्यों का लोकार्पण व भूमिपूजन किया। विधायक श्री पटैल और अन्य जनप्रतिनिधियों ने हितग्राहियों को शासन की विभिन्न योजनाओं के हितलाभ वितरित किये। श्री पटैल ने ग्रामीणों से संवाद किया और उनसे शासन की योजनाओं का लाभ मिलने के बारे में जानकारी ली। उन्होंने क्षेत्र में कराये विकास कार्यों और शासन की जनहितैषी योजनाओं की जानकारी दी।

ग्राम रहली में जनप्रतिनिधियों ने 13.95 लाख रूपये लागत के 3 निर्माण कार्यों का भूमिपूजन किया। इन कार्यों में 9.50 लाख रूपये लागत की आंगनबाड़ी सह बाउण्ड्रीवॉल, एक लाख रूपये लागत के टीन शेड़ और 3.45 लाख रूपये लागत के स्वच्छता परिसर निर्माण के कार्य शामिल हैं। ग्राम पंचायत सासबहू में 5.84 लाख रूपये से निर्मित सीसी रोड का लोकार्पण किया गया।

# 5 वर्षों बाद पाकिस्तान से खंडवा पहुंचने पर राजू का परिजनों ने स्वागत कर लगाया गले

## मां-बेटे के अदभुत मिलन को देख उपस्थित जनों की आंखों में भी आंसू आए



खंडवा। लगभग 5 वर्ष पूर्व मांधाता विधानसभा क्षेत्र विधानसभा क्षेत्र इंधावड़ी का रहने वाला राजू पिता लक्ष्मण पीढ़ै मानसिक स्थिति ठीक न होने के कारण घर से चला गया था ।परिजनों ने काफी ढूंढने का प्रयास किया लेकिन सफलता नहीं मिली प्रयास जारी थे। लेकिन परिजनों ने आस छोड़ दी थी इस बीच खबर आई राजू पाकिस्तान पुलिस के कब्जे में है। फिर राजू को वतन लाने के प्रयास शुरू हुए जिला एवं पुलिस प्रशासन के साथ ही क्षेत्र के विधायक नारायण पटेल सांसद ज्ञानेश्वरपाटिल पाटिल ने मुख्यमंत्री से मुलाकात कर राजू की जानकारी बताई तो मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने भी तत्काल प्रयास करते हुए विदेश मंत्रालय एवं विदेश मंत्री से संपर्क कर पाकिस्तान में पुलिस के कब्जे से राजू की रिहाई को लेकर प्रयास किए और वह प्रयास सफल भी हुए मंगलवार को रात्रि 1ः30 महानगरी एक्सप्रेस से जिला प्रशासन द्वारा भेजी गई टीम व भाई दिलीप के साथ राजू पिंडरे अपने जिले खंडवा स्टेशन पर उतरा स्टेशन पर राजू के माता-पिता एवं गांव के ग्रामीण जनों के साथ विधायक पुत्र दीपक पटेल, भाजपा के जिला महामंत्री सूरजभान सिंह ,देवेंद्र सिंह वह गांव के लोगों ने ने राजू का माला पहनाकर एवं गले मिलकर स्वागत व अभिनंदन किया। एवं पूरी टीम को धन्यवाद भी दिया। भारत माता की जय, वंदे मातरम, मोदी जी जिंदाबाद के नारे भी उपस्थित जनों ने लगाए स्टेशन पर मां बेटे का मिलन अद्भुत था मां की आंखों में पुत्र को देखकर आंसू बह रहे थे और वह लिपट कर रोने लगी वर्षो बाद मां को देख राजु काफी खुश हुआ उसका गला भर आया। पिता ने भी राजू को गले लगाया। रात्रि में स्टेशन पर राजू ने परिजनों को घटनाक्रम की जानकारी भी दी रात्रि में राजू टीम के साथ होटल में विश्राम विश्राम करने पहुंचा। बुधवार सुबह सिटी कोतवाली थाने में प्रशासन की औपचारिक कार्रवाई पूर्ण होने के पश्चात राजू को परिजनों को सौंप दिया। बुधवार सुबह राजू से मुलाकात करने क्षेत्र के विधायक नारायण पटेल पंधाना विधायक रामदागोरे, जिला अध्यक्ष सेवादास पटेल जिला महामंत्री सूरजपाल सिंह ,विधायक प्रतिनिधि दीपक पटेल देवेंद्र सिंह सोलंकी जिला कलेक्टर अनूप कुमार सिंह, पुलिस अधीक्षक विवेक सिंह पहुंचे और राजू को पुष्प माला पहनाकर मिठाई खिलाकर उसका आदमी स्वागत व अभिनंदन किया इस अवसर पर राजू ने पूरी घटना को बताया राजू के साथ ही उसकी मां और परिजनों ने सांसद ज्ञानेश्वर पाटिल विधायक नारायण पटेल जिला प्रशासन पुलिस प्रशासन के साथ प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान एवं देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का तहे दिल से आभार माना इस सब की बदौलत एक असंभव कार्य संभव हो सका और राजू अपने वतन अपने गांव लौट सका विधायक नारायण पटेल ने इस अवसर पर ?10000 की आर्थिक सहायता भी प्रदान की जिला कलेक्टर अनूप कुमार सिंह एवं विधायक नारायण पटेल ने परिजनों को आश्वस्त किया कि सरकार की योजनाओं का समस्त लाभ राजू को को प्रदान किया जाएगा आवास योजना के माध्यम से मकान के साथ ही विकलांगता पेंशन भी दिलवाई जाएगी जिला अस्पताल में मेडिकल जांच करवा कर राजू को पुलिस प्रशासन द्वारा उनके माता पिता को सौंपा गया


OFFICE OF THE MUNICIPAL CORPORATION, BHOPAL

**Water Work Department**

Municipal Corporation Rest House, Shyamla Hills, Bhopal Ph. No.0755-2701669

**NOTICE INVITING e-TENDER**

Online tenders are being invited for the following work from the appropriated firm that Registered in the office of Madhya Pradesh (Central Registration Cell). The tender documents can be obtained online on the website http://mptenders.gov.in as per the Key Dates in the Notice published on the above website and detailed information can also be seen on website http://mptenders.gov.in

Corrigendum for this NIT shall not be issued separately in newspapers. Corrigendum regarding correction can be seen on the website http://mptenders.gov.in

| S. No. | NIT No./ Call No. | Tender ID. | Details of Work | Estimated Cost (INR) | Earnest Money (EMD) | Bid Submission End Date |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | 2020208229/ E.E./W.W.D./ 2022-23 Second Call | 2023_ UAD_ 254845_1 | Construction of CC Road of Shahganj Bhopal main road to brake pressure tank Dahotaghat pipeline connecting Toad at betwa river, nayapura pipeline connecting road at kaliyasot river, Mandideep. under NWSP Estimate Based on:- MPUADD Roads and Bridges, 2021 | 30,46,376/- | 22848/- | 23.03.2023 |
| 2. | 2020130894/ E.E./W.W.D./ 2022-23 First Call | 2023_ UAD_ 254899_1 | Supply of glassware and laboratory chemicals under NWSP WWD. | 1,32,872/- | 2657/- | 09.03.2023 |

**T.N. 1642/022/023**

**Executive Engineer (H)**
**Municipal Corporation, Bhopal**



उज्जैन में संघ की एक बैठक सम्पन्न हुई। उस परिसर में एक स्वयंसेवक ने रंगोली बनाकर संघ के पाँचों दिवंगत प.पू.सरसंघचालकों को भावांजलि समर्पित की। इतनी सुंदर रंगोली है, लेकिन बनाने वाले ने कहीं अपना नाम नहीं लिखा। स्वयंसेवक की यह अनामिकता संघ की विशेषता भी है और शक्ति भी। प.पू.सरसंघचालक डॉ मोहन भागवतजी ने ठीक ही कहा है संघ उन लोगों से चलता है जो होते तो हैं, पर दिखते नहीं हैं। यह अनामिकता ही उनके इस कथन का भावार्थ है।

# अपनी सी-सीरीज़ की विरासत को आगे बढ़ाते हुए, पोको ने नए गेम चेंजर पोको सी55 की घोषणा की

नई दिल्ली एजेंसी। भारत के प्रमुख कंज़्यूमर इलेक्ट्रॉनिक्स ब्रैंड्स में से एक, पोको ने अपने सी-सीरीज़ पोर्टफोलियो का विस्तार करते हुए, पोको सी55 लॉन्च किया। बेहतरीन चिपसेट - मीडिया टेक हेलिया जी85, सी-सीरीज़ में पहली बार 50 एमपी का ड्युअल कैमरा और 5,000 एमएएच की शक्तिशाली बैटरी के साथ पोको सी55 एक बहुत किफायती फोन है, जो अपने कस्टमर्स को स्पीड और स्वैग के साथ दिन बिताने में मदद करेगा। एंट्री-लेवल सेगमेंट में स्मार्टफोन के अनुभव को एक स्तर ऊपर ले जाते हुए, नया पोको सी55 एक स्टाइलिश लैदर-लाईक स्टिच डिजाइन और बड़े 6.71 एचडी+ डिस्प्ले के साथ आता है जो इस सेगमेंट में एक कंप्लीट पैकेज है। इस लॉन्च के बारे में हिमांशु टंडन, कंट्री हेड, पोको इंडिया ने कहा, पोको ने अपने सी-सीरीज़ पोर्टफोलियो के साथ 10द्म के अंदर के सेगमेंट में शानदार सफलता देखी है। हम सबसे अच्छे और सबसे शक्तिशाली स्मार्टफोन के साथ बजट सेगमेंट का स्तर बढ़ाने के लिए उत्साहित हैं, जो एक वास्तविक परिवर्तक होगा। एक शक्तिशाली प्रोसेसर के साथ, सी-सीरीज़ में पहला 50एमपी का डुअल कैमरा, एक शक्तिशाली बैटरी के साथ, पोको सी55 अपनी श्रेणी में शायद ही कभी देखी गयी वैल्यू-फ़ॉर-मनी की पेशकश करता है।

# अमेजन द प्लस शॉप के लॉन्च के साथ दे रहा है सभी को फैशनेबल बनने का मौका

मुंबई, एजेंसी। अमेजन फैशन पर पहली बार 26 फरवरी तक प्लस-साइज़ इवेंट आयोजित किया जा रहा है। यह प्लस शॉप ग्राहकों को कम से कम 50 प्रतिशत की छूट के साथ 2एलएक्स से 8एलएक्स साइज में सबसे ट्रेंडी परिधान पेश कर रही है। अमेजन फैशन ने द प्लस शॉप के लॉन्च की घोषणा की है। इस विशेषरूप से तैयार किए गए स्टोर में भारत के टॉप ब्रांडों के प्लस-साइज़ परिधानों को पेश किया गया है। सभी साइज के लोगों को फैशनेबल परिधान की पेशकश करते हुए, द प्लस शॉप ग्राहकों को बेहद आसानी से अपना मनचाहा लुक पाने में मदद करता है। इससे ग्राहक मोटापे के बावजूद खुद को आत्मविश्वास के साथ पेश कर सकते हैं। यहां ग्राहकों को 2एलएक्स से लेकर 8एलएक्स साइज में दिन से लेकर रात तक, हर जरूरत के लिए ट्रेंडी कपड़े खरीदने का मौका मिलेगा। द प्लस शॉप में 450 ब्रांडों के 6 लाख से अधिक उत्पादों को पेश किया गया है। ये सभी खूबियां इसे भारत में सभी प्लस-साइज ग्राहकों का सबसे पसंदीदा गंतव्य बनाती हैं। नया स्टोर ग्राहकों को सभी साइज के आरामदायक कपड़ों की खरीदारी करने, सबसे लोकप्रिय ट्रेंड पर विशेषज्ञों से राय लेने और उनके सबसे पसंदीदा ब्रांडों पर टॉप डील्स हासिल करने में मदद करता है।

# इंदौर नगर निगम के ग्रीन बांड नेशनल स्टॉक एक्सचेंज में सूचीबद्ध हुए

भोपाल। इंदौर नगर निगम (आईएमसी या निगम), की स्थापना वर्ष 1956 में मध्य प्रदेश नगर निगम अधिनियम, 1956 के तहत हुई थी। मूल्यांकन, सूचीबद्ध, कर योग्य, सुरक्षित, प्रतिदेय, गैर-परिवर्तनीय ग्रीन युनिसिपल बॉन्ड के सार्वजनिक मुद्दे ने 21 फरवरी, 2023 को एनएसई पर खुद को सूचीबद्ध किया। बेस इश्यू साइज के मुताबिक संस्थान/क्यूआईबी कैटेगरी को सबसे ज्यादा 7.52 गुना, इसके बाद कॉरपोरेट कैटेगरी में 6.70 गुना, रिटेल कैटेगरी में 5.78 गुना, एचएनआई कैटेगरी में 3.62 गुना सब्सक्राइब हुआ। मुद्दा 10 फरवरी, 2023 को खुला और मंगलवार, 14 फरवरी, 2023 को बंद होगा।ग्रीन बॉन्ड की अवधि 3 साल (एसटीआरपीपी ए), 5 साल (एसटीआरपीपी बी), 7 साल (एसटीआरपीपी सी) और 9 साल (एसटीआरपीपी डी) है। श्रेणी प्रथम, श्रेणी द्वितीय (कॉर्पोरेट), श्रेणी तृतीय और श्रेणी आईवी (खुदरा व्यक्ति) में एनसीडी धारकों के लिए प्रभावी प्रतिफल (प्रति वर्ष) 3 वर्ष, 5 वर्ष और 7 वर्ष की अवधि के लिए 8.41प्रतिशत है और एसटीआरपीपी डी के लिए 9 साल के कार्यकाल के साथ 8.42प्रतिशत है।

# ईडीआईआई ने उद्यमिता पर 15वें द्विवार्षिक सम्मेलन का किया आयोजन

अहमदाबाद, एजेंसी। भारतीय उद्यमिता विकास संस्थान (एंटरप्रेन्योरशिप डेवलपमेंट इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया– ईडीआईआई) का पंद्रहवां द्विवार्षिक सम्मेलन संस्थान के परिसर में शुरू हुआ। उद्यमिता विषय को लेकर 24 फरवरी तक चलने वाले इस तीन दिवसीय सम्मेलन में शोधकर्ताओं, शिक्षाविदों और चिकित्सकों को उद्यमिता विकास के विभिन्न क्षेत्रों में अपने शोध अध्ययनों और निष्कर्षों को साझा करने के लिए एक मंच दिया जाएगा। सम्मेलन के दौरान, सोशल, हरित, महिला, कृषि, डिजिटल, एमएसएमई और समावेशी उद्यमिता जैसे विषयों पर 10 से अधिक देशों के स्कॉलर द्वारा 125 से अधिक पेपर और अध्ययन प्रस्तुत किए जाएंगे।सम्मेलन का उद्घाटन इंडियन स्कूल ऑफ बिजनेस (आईएसबी), हैदराबाद में एंटरप्रेन्योरशिप के प्रोफेसर (प्रैक्टिस) डॉ कविल रामचंद्रन ने कुमासी तकनीकी विश्वविद्यालय के प्रो-वाइस चांसलर डॉ गेब्रियल ड्वोमोह; डॉ अजीत के मोहंती, एमेरिटस फेलो, उत्कल विश्वविद्यालय, भुवनेश्वर; डॉ रामकृष्ण वेलामुरी, डीन और उद्यमिता के प्रोफेसर, स्कूल ऑफ मैनेजमेंट, महिंद्रा यूनिवर्सिटी, हैदराबाद; और डॉ. सुनील शुक्ला, डायरेक्टर जनरल, ईडीआईआई की मौजूदगी में किया।डॉ कविल रामचंद्रन ने कहा, उद्यमिता या एंटरप्रेन्योरशिप आज अनुसंधान और नीति-निर्माण के मूल में है। यह एक वैश्विक चलन बन गया है। आज पूरे देश में पर्यावरण उद्यमिता के लिए अनुकूल है। किसी व्यवसाय की सफलता उपलब्ध संसाधनों पर निर्भर करती है, जिसमें व्यवसाय में शामिल मालिकों और अन्य लोगों की क्षमता और योग्यता भी शामिल होती है। फैमिली बिजनेस एक ऐसा क्षेत्र है, जहां मेरा मानना है कि पीढ़ियों के बीच सुगमता सुनिश्चित करने के लिए गतिशीलता पर और अधिक शोध करने की आवश्यकता है।



भाजपा प्रदेश के पूर्व सह मीडिया प्रमुख उदय अग्रवाल की पुत्री सौ. शिवांगी एवं चि. रजत के शुभ विवाह पर ग्वालियर में आशीष देते हुए पूर्व प्रदेश भाजपा अध्यक्ष प्रभात झा।



मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान से अंतर्राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त बांसुरी वादक पद्म विभूषण पंडित हरिप्रसाद चौरसिया ने राजकीय विमानतल पर सौजन्य भेंट की। मुख्यमंत्री ने उनका अभिवादन किया।



**प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कमलनाथ आज बंसल अस्पताल में भर्ती विधानसभा अध्यक्ष गिरीश गौतम से मिलने पहुंचे और उनके स्वास्थ्य की जानकारी ली।**

# रेल मंत्रालय में खत्म होगा वीआईपी कल्चर, रेल मंत्री ने कहा- नाश्ते पर नहीं काम पर फोकस करें अधिकारी



नई दिल्ली। रेल मंत्रालय ने रेलवे में वीआईपी कल्चर की छुट्टी कर दी है. रेलमंत्री अश्विनी वैष्णव ने अधिकारियों को कार्यक्रम के दौरान स्नैक्स की बजाए काम पर ध्यान देने की नसीहत दी और अब दफ्तर में घंटी न बजाने का फैसला किया है. रेलवे में वीआईपी कल्चर को खत्म करने के लिए रेल मंत्री ने मंत्रालय के दफ्तरों से घंटिया हटाने का फैसला किया. रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने विभागीय दफ्तरों में परिचारकों को बुलाने के लिए इस्तेमाल की जाने वाली घंटी को हटाने के आदेश जारी किए हैं।

**रेलवे ऑफिस से हटी घंटियां** 3 सूत्रों के मुताबिक, रेलवे मंत्री ने स्पष्ट निर्देश दिया है कि ऑफिस अटेंडेंट को बुलाने के लिए घंटी का इस्तेमाल बंद कर उन्हें व्यक्तिगत रूप से बुलाना चाहिए. निर्देशों को पूरी तरह से लागू करने के उद्देश्य से वैष्णव ने अपने कार्यालय में लगी घंटी भी हटा दी है।

**नाश्ते पर नहीं काम पर दें ध्यान:** इससे पहले रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने विभाग के कर्मचारियों को किसी साइट पर जाने या कार्यक्रम के दौरान पूरा फोकस, काम को उसकी समय सीमा के भीतर पूरा करने के निर्देश दिए थे, न कि वहां चाय, समौसे या खाने–पीने की व्यवस्था पर. उन्होंने कहा कि वीआईपी कल्चर को खत्म करने के लिए ये बेहद जरूरी है कि अधिकारी अपनी ज़िम्मेदारी को समझे।

मंत्री के कार्यालय के अनुसर प्रत्येक कर्मचारी को समान सम्मान देने और वीआईपी कल्चर की मानसिकता को बदलने के लिए यह कदम उठाया गया है. गौरतलब है कि अश्विनी वैष्णव रेल मंत्री बनने के बाद कई बड़े फैसले ले चुके हैं. ट्रेन को आधुनिक बनाने से लेकर बीमार यात्रियों का भी खास ख्याल रखने का निर्णय लिया है।

# सरकार ने अनिवार्य जूट पैकेजिंग नियमों को आगे बढ़ाने की मंजूरी दी

नयी दिल्ली, एजेंसी। सरकार ने पैकेजिंग में जूट के अनिवार्य उपयोग के नियमों को आगे बढ़ाने की मंजूरी दे दी है। सूत्रों ने बुधवार को यह जानकारी दी।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में हुई केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में जूट वर्ष 2022-23 (एक जुलाई, 2022 से 30 जून, 2023) के लिए पैकेजिंग में जूट के अनिवार्य इस्तेमाल के आरक्षण संबंधी नियमों को मंजूरी दी गई। इन नियमों के तहत खाद्यान्न की 100 प्रतिशत और चीनी की 20 प्रतिशत पैकिंग जूट बैग में करना अनिवार्य है।

इन नियमों को मंजूरी से जूट मिलों और अन्य संबद्ध इकाइयों में कार्यरत 3.7 लाख श्रमिकों को बड़ी राहत मिलेगी। इससे कई लाख किसान परिवारों की आजीविका को भी समर्थन मिलेगा। इससे पर्यावरण सुरक्षा में भी मदद मिलेगी क्योंकि जूट एक प्राकृतिक, बायोडिग्रेडेबल, नवीकरणीय और पुन~ उपयोग वाला फाइबर है और सभी स्थिरता मानकों को पूरा करता है। जूट उद्योग देश की अर्थव्यवस्था विशेषरूप से पूर्वी क्षेत्र...मसलन पश्चिम बंगाल, बिहार, ओडिशा, असम, त्रिपुरा, मेघालय के लिए महत्वपूर्ण है। आंध्र प्रदेश और तेलंगाना के लिए भी यह काफी महत्व रखता है।

जूट पैकेजिंग सामग्री (जेपीएम) अधिनियम के तहत आरक्षण नियम जूट क्षेत्र में 3.7 लाख श्रमिकों और कई लाख जूट किसानों को प्रत्यक्ष रोजगार उपलब्ध कराता हैं। जेपीएम अधिनियम, 1987 जूट किसानों, कामगारों और जूट सामान के उत्पादन में लगे व्यक्तियों के हितों की रक्षा करता है। जूट उद्योग के कुल उत्पादन का 75 प्रतिशत जूट के बोरे (सैकिंग बैग) हैं, जिसमें से 85 प्रतिशत की आपूर्ति भारतीय खाद्य निगम (एफसीआई) और राज्य खरीद एजेंसियों (एसपीए) को की जाती है और बकाया उत्पादन का निर्यात/सीधी बिक्री की जाती है।

# प्राइवेट स्कूल की जानकारी को गलत ढंग से रोकने पर कसा शिकंजा, शिक्षा विभाग के दो अधिकारियों पर गिरी गाज

## राज्य सूचना आयुक्त राहुल सिंह ने 20 हजार का लगाया जुर्माना

भोपाल। मध्य प्रदेश राज्य सूचना आयुक्त राहुल सिंह ने एक अहम निर्णय में सभी प्राइवेट स्कूल की मान्यता संबंधित जानकारी को आरटीआई अधिनियम के अधीन करार दिया है। साथ ही सिंह ने आदेश जारी कर ये स्पष्ट किया की शासन से अनुदान या रियायती दर पर जमीन लेने वाले स्कूलों पर आरटीआई अधिनियम पूरी तरह से लागू होगा। वही प्राइवेट स्कूल की जानकारी को गलत ढंग से रोकने पर शिक्षा विभाग के दो अधिकारियों पर सिंह ने कुल 20 हजार रुपए का जुर्माना भी लगाया है।

राज्य सूचना आयुक्त राहुल सिंह ने स्पष्ट किया कि प्राइवेट स्कूल की जानकारी आम जनता की पहुंच में आने से अवैध तरीके से चल रहे प्राइवेट स्कूलों पर अंकुश लगेगा और शिक्षा विभाग के अधिकारियों की जवाबदेही भी तय होगी। सिंह ने कहा कि आम नागरिकों और अभिभावकों को यह जानने का हक है कि उनके बच्चे जिस प्राइवेट स्कूल में पढ़ रहे हैं वे शासन द्वारा निर्धारित कानून के तहत संचालित हो रहे हैं या नहीं। शासन-प्रशासन में उपलब्ध प्राइवेट स्कूलों के मान्यता संबंधी दस्तावेजों की पारदर्शिता के मापदंड के अनुरूप आम आदमी को उपलब्ध कराया जाना चाहिए ताकि प्राइवेट स्कूल को संचालित करने वाली प्रशासनिक व्यवस्था में कसावट सुनिश्चित हो सके।

सूचना आयुक्त ने कहा कि जानकारी आम जनता तक पहुंचने से शिक्षा विभाग का ही काम आसान होगा क्योंकि अगर कोई स्कूल नियम अनुरूप नहीं चल रहा है और उसकी जानकारी आरटीआई के तहत आम जनता तक पहुंचती है तो ऐसी स्तिथि में गलत तरीकों से चल रहे प्राइवेट स्कूलों की जवाबदेही सुनिश्चित होगी। जब नियमों को तोड़कर चल रहे स्कूलों की शिकायत तथ्यों के साथ आम जनता शिक्षा विभाग के समक्ष लाती है तो एक तरीके से आम जनता विभाग की मंशा के अनुरूप ही कार्य करते हुए गलत तरीके से चल रहे स्कूलों विरुद्ध कार्रवाई सुनिश्चित करवाने का काम भी करती हैं।

प्राइवेट स्कूल की जानकारी नहीं रोक सकताः राज्य सूचना आयुक्त राहुल सिंह ने अपने आदेश में प्राइवेट स्कूलों को लेकर शिक्षा विभाग की भूमिका को रेगुलेटरी अथॉरिटी के रूप करार देते हुए कहा कि शिक्षा विभाग प्राइवेट स्कूल के तीसरे पक्ष होने के आधार पर जानकारी को रोक नहीं सकते हैं। सिंह ने कहा कि सभी प्राइवेट स्कूल शासन-प्रशासन के नियम एवं कानून के अनुरूप संचालित होते हैं। शासन की भूमिका यहां एक रेगुलेटर अथॉरिटी के रूप में है जिसका काम यह सुनिश्चित करना है कि यह प्राइवेट स्कूल नियमों के तहत संचालित होते हुए बेहतर शिक्षा इस देश के भविष्य को उपलब्ध कराएं। शिक्षा विभाग यहां रेगुलेटरी अथॉरिटी होने के नाते प्राइवेट स्कूलों से मान्यता संबंधी शर्तों के पूर्ण होने पर ही स्कूलों को संचालित करने की अनुमति प्रदान करता है। रेगुलेटरी अथॉरिटी होने के नाते शिक्षा विभाग का उद्देश्य गैर कानूनी रूप से संचालित निजी स्कूलों के व्यवसायिक हितों की रक्षा करने का नहीं ही सकता है बल्कि यह देखने का है कि नियम और कानून के तहत निजी स्कूल गुणवत्तापूर्ण शिक्षा बच्चों को उपलब्ध कराएं।

प्राइवेट स्कूल की जानकारी 30 दिन में देने के निर्देशः सिंह ने कहा कि ये स्पष्ट है कि मान्यता संबंधी जानकारी सरल एवं सुलभ स्वरूप में शिक्षा विभाग के पहुंच में हैं। कोई भी आम आदमी अगर आरटीआई दायर करके निजी स्कूलों की मान्यता संबंधी जानकारी मांगता है तो शिक्षा विभाग के लोक सूचना अधिकारियों को धारा 7 (1) के तहत 30 दिन के अंदर आरटीआई आवेदक को की जानकारी उपलब्ध करानी चाहिए। यहां आयोग यह भी स्पष्ट करता है कि प्राइवेट स्कूलों की अन्य जानकारी जो समानत~ और विशेष तौर पर भी शासन प्रशासन को उपलब्ध नहीं कराई जाती है वैसी जानकारियां आरटीआई के अधीन नहीं है। निजी स्कूलों के संबंध में मांगी गई मान्यता संबंधी जानकारी समानत~ नियम अनुरूप शिक्षा विभाग के पास ही उपलब्ध होती है। यहां तीसरे पक्ष निजी स्कूलों की सहमति असहमति का प्रश्न ही नहीं उठता है क्योंकि मांगी गई जानकारी सूचना का अधिकार अधिनियम की धारा 2 (द्ब) के तहत रिकॉर्ड एवं धारा 2 (द्ब) के तहत सूचना की श्रेणी में आती है जो कि पूरी तरह से शासन के नियंत्रण में है। सिंह ने कहा कि सूचना का अधिकार अधिनियम की धारा 2 (द्ब) से स्पष्ट है प्राइवेट निकाय की सूचना भी लोक प्राधिकारी प्राप्त कर सकते हैं।

धारा 2 (द्ब) के तहत सूचना से आशय है कि किसी प्राइवेट निकाय से संबंधित ऐसी सूचना सहित जिस तक किसी अन्य विधि के अधीन किसी लोक प्राधिकारी की पहुंच में हो सकती है उसे प्राप्त कर संबंधित को प्रदान किया जाना चाहिए।

### निजी स्कूलों से भी शिक्षा विभाग ले सकता है जानकारी

सूचना आयुक्त ने साफ़ किया कि अगर मान्यता की जानकारी किसी कारण से विभाग मे उपलब्ध नहीं है तो शिक्षा विभाग के पास रेगुलेटरी अथॉरिटी होने के नाते पर्याप्त अधिकार हैं जिसके तहत जो जानकारी शासन के पास प्राइवेट स्कूलों की नियमों के अनुरूप प्राप्त होनी चाहिए अगर वह जानकारी कोई भी प्राइवेट स्कूल देने से मना करें तो विभाग प्राइवेट स्कूलों के विरुद्ध वैधानिक कार्रवाई कर जानकारी ले सकते हैं।

### शासन से अनुदान लेने वाले निजी स्कूल पूरी तरह आरटीआई के अधीन

आयुक्त राहुल सिंह ने आदेश में कहा कि अगर किसी प्राइवेट स्कूल को किसी भी तरह का अनुदान शासन से प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से प्राप्त है जैसे सब्सिडाइज रेट पर जमीन उपलब्ध कराई गई हो तो वह स्कूल सूचना का अधिकार अधिनियम के तहत लोक प्राधिकारी की श्रेणी में है।

### इस प्रकरण में हुई थी आयोग में सुनवाई

रीवा के एक आरटीआई आवेदक ने जानकारी वहा एक निजी स्कूल की मान्यता संबंधी जानकारी मांगी थी जिसे जिला शिक्षा अधिकारी ने कार्रवाई के लिए विकास खंड शिक्षा अधिकारी के पास भेज दिया। पर विकास खंड अधिकारी ने यह कहते हुए जानकारी उपलब्ध नहीं कराई की निजी स्कूल ने आरटीआई अधिनियम के अधीन ना होने से जानकारी देने से मना कर दिया है। बाद में प्रथम अपीलीय अधिकारी द्वारा जानकारी देने के आदेश जारी किए तो जिला शिक्षा अधिकारी ने अपने स्तर पर से जानकारी उपलब्ध आधी अधूरी जानकारी उपलब्ध कराई। राज्य सूचना आयुक्त राहुल सिंह ने सुनवाई के बाद जानकारी को उपलब्ध न कराने के लिए जिला शिक्षा अधिकारी रीवा केपी तिवारी और विकास खंड प्रारंभिक शिक्षा अधिकारी नीरज नयन तिवारी प्रत्येक पर ?10000 - ?10000 का जुर्माना लगा दिया।

# भारत और मध्य पूर्व के बीच सीमा पार भुगतान को बढ़ावा देने के लिए एचडीएफसी बैंक एवं लुलु एक्सचेंज में साझेदारी

अबूधाबी, /मुंबई, एजेंसी। भारत के सबसे बड़े निजी क्षेत्र के बैंक - एचडीएफसी बैंक और संयुक्त अरब अमीरात स्थित वित्तीय सेवा कंपनी - लुलु एक्सचेंज ने भारत और खाड़ी सहयोग परिषद (जीसीसी) क्षेत्र के बीच सीमा पार भुगतान को मजबूत करने के लिए एक समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं।

अपने पहले चरण में, साझेदारी एक डिजिटल इनवर्ड रेमिटेंस सेवा शुरू करने के लिए लुलु एक्सचेंज की विशेषज्ञता और नियामक ढांचे पर आधारित होगी, जो यूएई के निवासी व्यक्तियों को एचडीएफसी बैंक के डिजिटल बैंकिंग चैनल आईएमपीएस और एनईएफटी के माध्यम से भारत में किसी भी बैंक खाते में पैसा भेजने की अनुमति देगा।

साझेदारी भारत में दो संस्थाओं के बीच मौजूदा संबंधों को भी मजबूत करेगी, जहां लुलु फाइनेंशियल ग्रुप लुलु फॉरेक्स और एनबीएफसी डिवीजन लुलु फिनसर्व का संचालन करता है।

साझेदारी पर बात करते हुए अरविंद वोहरा, ग्रुप हेड-रिटेल ब्रांच बैंकिंग, एचडीएफसी बैंक ने कहा हमारी साझेदारी से एक-दूसरे की ताकत पर बढेगी। एचडीएफसी बैंक संभवतः लुलु एक्सचेंज के कर्मचारियों, ग्राहकों और अन्य हितधारकों से भुगतान प्राप्त करने एवं लुलु एक्सचेंज जैसे एक विशाल नेटवर्क के साथ एक विश्वसनीय नाम का लाभ उठा सकता है। एक बैंक के रूप में, हम यूएई में लोगों को विशेष रूप से भारतीय समुदाय को देश में आसानी से




और सहज तरीके से पैसा भेजने में मदद कर सकते हैं।

लुलु फाइनेंशियल ग्रुप के एमडी अदीब अहमद ने कहा, हम एचडीएफसी बैंक के साथ साझेदारी करके और उनके डिजिटल बैंकिंग समाधानों पर हमारे रेमिटेंस-एज-ए-सर्विस प्लेटफॉर्म को सक्षम करने के लिए खुश हैं। यूएई-भारत भुगतान कॉरिडोर दुनिया में सबसे बड़ा है, और यह साझेदारी संयुक्त अरब अमीरात में रहने वाले हजारों भारतीय प्रवासियों के लिए धन हस्तांतरण को आसान बनाने के लिए मौजूदा क्षमताओं का निर्माण करेगी, जबकि जीसीसी के अन्य हिस्सों में इस सेवा के अंतिम एकीकरण की नींव स्थापित करेगी, जहां हमारी उपस्थिति है।

एचडीएफसी बैंक और लुलु एक्सचेंज दोनों ऑनलाइन और ऑफलाइन पहलों की एक श्रृंखला के माध्यम से इस साझेदारी का विस्तार करने के लिए एक-दूसरे की सद्भावना, विश्वास, नियामक तकनीक और सर्वोत्तम सेवा नेटवर्क का लाभ उठाएंगे।

# न्युवोको ने अपने पहले ऑल-वुमन रेडी-मिक्स कंक्रीट प्लांट का उद्घाटन किया




मुंबई, एजेंसी। न्युवोको विस्टास कॉर्प लिमिटेड, भारत की पांचवीं सबसे बड़ी सीमेंट कंपनी और पूर्वी भारत में अग्रणी सीमेंट कंपनी, क्षमता के मामले में, ने गुवाहाटी, असम के बाहरी इलाके में स्थित पमोही गांव में अपना पहला पूर्ण-महिला रेडी-मिक्स कंक्रीट (आरएमएक्स) संयंत्र शुरू किया। न्युवोको रेडी-मिक्स कंक्रीट में भी अग्रणी कंपनी है और पूरे भारत में पचास से अधिक रेडी-मिक्स कंक्रीट संयंत्रों का संचालन करती है।

नए उद्घाटन किये गये रेडी-मिक्स कंक्रीट प्लांट में, आठ सदस्यों की एक पूरी महिला टीम संचालित करेगी जो काम की जिम्मेदारियों की एक विस्तृत सीरीज़ को प्रभावी ढंग से संभालने के लिए अच्छी तरह से प्रशिक्षित है।

इन महिलाओं की नौकरी की जिम्मेदारियों में बिक्री, ग्राहक संबंध, वित्त, उच्चतम गुणवत्ता वाले कंक्रीट का निर्माण और इसे हमारे ग्राहकों के उपयोग के स्थान पर पहुंचाना शामिल है। प्रशांत झा, चीफ कंक्रीट एंड एग्रीगेट्स, न्युवोको विस्टास कॉर्प लिमिटेड, ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि न्युवोको हमेशा एक समान अवसर नियोक्ता रहा है। इस सुविधा के संचालन के परिणामस्वरूप, हम अपने संगठन के सभी स्तरों पर एक मजबूत और विविध कार्यबल के निर्माण के लिए अपनी प्रतिबद्धता प्रदर्शित करने में सक्षम हैं। एक ऐसे इंडस्ट्री में जहां परंपरागत रूप से पुरुषों का वर्चस्व रहा है, न्युवोको आने वाले वर्षों में नए स्थानों पर और अधिक सभी-महिला रेडी-मिक्स कंक्रीट प्लांट खोलकर इस बिजनेस मॉडल को दोहराने के लिए प्रतिबद्ध है।

# मासूम के साथ दरिंदगी पर सांसद ने पुलिस पर उठाए सवाल

**छिंदवाड़ा ।** पांच वर्ष की मासूम के साथ दरिंदगी करने को लेकर सांसद नकुलनाथ ने पुलिस पर सवाल खड़े किए हैं श्री नाथ ने कानून व्यवस्था पर सवाल खड़े करते हुए कहा कि पुलिस ने मासूम के साथ दरिंदगी होने के बाद कुछ दिनों तक छुपाकर रखा किसी को जानकारी नहीं लगने दी। घटना शहर के चार फाटक श्याम टाकीज क्षेत्र की है यहां रेलवे स्टेशन के समीप पीड़ित मासूम अपनी मानसिक रूप से विक्षिप्त मां के साथ रहती थी तीन दिन पहले रात में दो युवकों की नजर नाबालिग पर पड़ी दोनों युवकों ने चाकलेट देने के बहाने बच्ची को बुलाया और सुनसान क्षेत्र में ले जाकर दुराचार किया। तकलीफ पर उसे जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया जहां से राज खुला कुण्डीपुरा पुलिस ने जांच शुरू कर सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाला तो उस बच्ची के साथ दो युवक नजर आए जो उसे ले जा रहे थे। पुलिस ने दोनो आरोपी रेलवे लोकोशेड निवासी संजय गोलू करोसिया और शनिचरा निवासी यश साहू को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

## स्ट्रेस मैनेजमेंट पर कार्यशाला



**छिंदवाड़ा ।** एकलव्य आदिवासी आवासीय विद्मालय तामिया में म.प्र. राजपत्रित आयुष चिकित्सा अधिकारी संघ के जिला सचिव डॉ. धर्मेड सनी द्वारा विद्?यार्थियो को आयुर्वेद चिकित्सा पद्धति के माध्यम से परीक्षा के समय होने वाले तनाव से बचाव की जानकारी प्रदान की गई जिसमें 100 से अधिक छात्र-छात्राओं को इसका लाभ प्रदान किया गया जिसमें विद्यार्थियों को उचित आहार लेना, उचित निडा, योग, ध्यान, डीप डीलिंग एक्सरसाईज, टाइम मैनेजमेंट, एक दूसरे की मदद कर सकारात्मक तरीके से व्यवहार करना तनाव की स्थिति में मातापिता, शिक्षक एवं मित्रों की समय लेने के लिये प्रेरित किया । तथा परीक्षा में बिना तनाव के साथ अच्छे परिणाम गाने के लिये शुभकामनाये प्रेषित की इस अवसर पर शाला प्राचार्य सुश्री कला उके, शिवांक चौरसिया, सहित अन्य स्वाप उपस्थित था ।

## प्रदेश व्यापी रोजगार दिवस कार्यक्रम का आयोजन आज

**छिन्दवाड़ा ।** राज्य शासन द्वारा दिये गये निर्देशों के परिपालन में आगामी 23 फरवरी को पेंशनर्स सदन छिंदवाड़ा के सभाकक्ष में प्रदेशव्यापी रोजगार दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया है । प्रदेश के किसान कल्याण तथा कृषि विकास और छिंदवाड़ा जिले के प्रभारी मंत्री श्री कमल पटेल की वर्चुअल उपस्थिति और जिले के जनप्रतिनिधियों की विशेष उपस्थिति में आयोजित इस कार्यक्रम में हितग्राहियों को हितलाभ का वितरण किया जायेगा । साथ ही प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान के प्रदेश के उज्जैन जिले के विकासखंड महिदपुर में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम के सीधे प्रसारण को जिला स्तरीय कार्यक्रम में देखा व सुना जायेगा । कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले द्वारा जिले के सभी जनप्रतिनिधियों, गणमान्य नागरिकों, हितग्राहियों, पत्रकारों और आम जन से इस कार्यक्रम में उपस्थिति की अपील की गई है ।

## आज विकास यात्रा में शामिल होंगी प्रदेश महामंत्री सुश्री कविता पाटीदार

**छिन्दवाड़ा ।** मध्यप्रदेश में 5 फरवरी से निरंतर चल रही विकास यात्रा में आज दिनांक 23 फरवरी को 10 बजे गुरैया, 11 बजे रोहनाकला में प्रदेश की महामंत्री एवं राज्यसभा सदस्य सुश्री कविता पादीदार जी शामिल होंगी साथ में भाजपा जिलाध्यक्ष विवेक बंटी साहू, लोकसभा चुनाव प्रभारी नरेश दिवाकर सहित मंडल के समस्त पदाधिकारी उपस्थित रहेंगे। इसमें मुख्यमंत्री जनसेवा अभियान के पात्र हितग्राहियों को प्रमाण पत्र भी दिए जाएंगे जिसमें लाडली लक्ष्मी, भूमि स्वाइल कार्ड, पटवारी नामांतरण पोथी के मामले, सिंचाई योजना के हितग्राही, आरबीसी 6 4 के पात्र हितग्राहियों के साथ ही संबल कार्ड भी प्रदान किए जाएंगे। भाजपा जिलाध्यक्ष विवेक बंटी साहू ने सभी कार्यकर्ताओं को अधिक से अधिक संख्या में इस विकास यात्रा में सम्मिलित होने की अपील की है ।

## लाल गांव में पुलिस का मार्च



**छिन्दवाड़ा ।** थाना चांद के ग्राम लालगाँव में आज शाम वरिष्ठ अधिकारियों सहित एसटीएफ,एसएएफ,जिला पुलिस बल और समस्त पुलिस बल द्वारा *फ्लैग मार्च* किया गया।

## विधानसभा क्षेत्र छिंदवाड़ा के 5 ग्रामों में विकास यात्रा संपन्न

**छिन्दवाड़ा ।** जिले के विधानसभा क्षेत्र छिंदवाड़ा में विकास यात्रा ग्राम बोहना से प्रारंभ हुई जो ग्राम ककई, लोनियामारू और ग्राम उमरियाइसरा होते हुये ग्राम घाटपरासिया पहुंची । विकास यात्रा के दौरान ग्राम रोहना में आयोजित सभा में ग्राम बोहना व खैरीलहू, ग्राम ककई में आयोजित सभा में ग्राम ग्राम ककई, ?बिलवा, भुतेरा व जम्होडीपंडा, ग्राम लोनियामारू में आयोजित सभा में ग्राम लोनियामारू व धनौरागौसाई, ग्राम उमरियाइसरा में आयोजित सभा में ग्राम उमरियाइसरा, डौण्डारैयत, भांडी व खुटिया और ग्राम घाटपरासिया में आयोजित सभा में ग्राम घाटपरासिया, रंगीनखापा, सहजपुरी, नवेगांव व पांथ के ग्रामवासी शामिल हुये। सभा के दौरान हितग्राहियों को हितलाभ वितरित करने के साथ ही शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं की विस्तार से जानकारी दी गई। कार्यक्रम के दौरान कन्या पूजन किया गया व छात्र-छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये । विकास यात्रा के दौरान स्थानीय जनप्रतिनिधि, सभी विभागों के अधिकारी व कर्मचारी, शिक्षक-शिक्षिकायें, छात्र-छात्रायें और ग्रामीणजन मौजूद थे।

# कमलनाथ को नहीं जम रहा गरीब का हित: शेषराव यादव

### भाजपा की विकास यात्रा से कमलनाथ के पेट में हो रहा दर्द



**छिंदवाड़ा ।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य शेषराव यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री और प्रदेश काँग्रेस अध्यक्ष कमलनाथ ने अपने 15 महीने की सरकार में जनता को खूब ठगा। अब भाजपा की सरकार गरीबो के लिए जनकल्याणकारी योजना बना ही नही रही बल्कि उनका पूर्ण क्रियान्वयन भी कर रही है तो उनके पेट मे दर्द हो रहा है। भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य शेषराव यादव ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की सरकार ने मुख्यमंत्री जनसेवा अभियान के तहत जनता को लाभ पहुंचाया तो कमलनाथ के पेट में दर्द हुआ।विकास यात्रा में जनता की समस्याओं का त्वरित निराकरण किया तो कमलनाथ को बुरा लगा।अब ये पत्रकारवार्ता लेकर भाजपा सरकार पर झूठे और बेबुनियाद आरोप लगा रहे है। किसानों का 2 लाख का कर्जा माफ करने के वादे पर सरकार में आए कमलनाथ ने एक भी किसान का 2 लाख का कर्जा माफ नहीं किया। युवाओं को 4 हजार रुपए बेरोजगारी भत्ता देने का वादा करने वाले कमलनाथ ने युवाओं को बेरोजगारी भत्ता नहीं दिया।बल्कि जनहितैषी योजनाएं बंद कर दिए थे। इन्होंने संबल योजना को बंद कर दिए थे। भाजपा सरकार ने शराब दुकानों के अहातों को बंद करने का फैसला कर लिया है तो कमलनाथ को बुरा लग रहा है। महिलाओं को 1 हजार रुपये देने का फैसला लिया है तो इन्हें बुरा लग रहा है। अब ये कलाकारी की राजनीति कर रहे है और घड़ियाली आंसू बहा रहे है।

# सुश्री अनुसुइया ने मणिपुर के राज्यपाल की शपथ ली



**छिंदवाड़ा ।** मनोनीत राज्यपाल सुश्री अनुसुइया उइके ने आज शपथ ली एवं मणिपुर के राज्यपाल के रूप में पदभार ग्रहण किया। वे अतिरिक्त प्रभार वालें राज्यपालों को छोड़कर मणिपुर के 16वें राज्यपाल (नियमित) के रूप में हैं। उन्हें मणिपुर उच्च न्यायालय के कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश ने पद की शपथ दिलाई। इस अवसर पर मुख्यमंत्री एन. बिरेन सिंह और उनके मंत्रिपरिषद के सदस्य, मणिपुर विधान सभा के अध्यक्ष, टी.एच. सत्यव्रत सिंह, सांसद (राज्य सभा) सनाजाओबा लीशेम्बा, विधायक, मुख्य सचिव, डीजीपी और अर्धसैनिक बलों के वरिष्ठ अधिकारियों ने भाग लिया। यह शपथग्रहण समारोह इंफाल में राजभवन के दरबार हॉल में आयोजित किया गया था। राज्यपाल ने शपथ लेने के बाद राष्ट्रीय सलामी ली और परेड का निरीक्षण किया उन्हें मणिपुर राइफल्स और इंडिया रिजर्व बटालियन के कर्मियों द्वारा सलामी दी गई।बाद में, मीडियाकर्मियों से बात करते हुए, राज्यपाल ने भारत की राष्ट्रपति श्रीमती द्रोपदी मुर्मू जी और प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी का सेवा का अवसर देने के लिए आभार प्रकट किया। उन्होंने कहा, उन्हें राज्य की सेवा करने के लिए जो कार्य सौंपा गया है वह जारी रहेगा। आम जनता की समस्याओं के समाधान के लिये कार्य किया जाएगा और मुख्यमंत्री के परामर्श से विकासात्मक गतिविधियां शुरू की जाएंगी। छत्तीसगढ के राज्यपाल के रूप में उनकी पिछले साढ़े तीन साल की सेवा को याद करते हुएउन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ की जनता से उन्हें भरपूर सहयोग और समर्थन मिला है। वहाँ और कई विकासात्मक गतिविधियाँ शुरू की गईं।

## कलेक्टर श्रीमती पटले ने की विकास यात्रा और अन्य योजनाओं की प्रगति की समीक्षा

छिन्दवाड़ा। कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले द्वारा आज कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में जिले में संचालित विकास यात्रा की प्रगति और विकास यात्रा के दौरान प्राप्त आवेदन व उनके निराकरण के साथ ही छात्रवृत्ति स्वीकृति, आयुष्मान कार्ड, जाति प्रमाण पत्र, नक्शा शुध्दिकरण, बीमा योजनायें व अन्य योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की गई । बैठक में अतिरिक्त कलेक्टर ओ.पी.सनोडिया, एसडीएम अतुल सिंह, संयुक्त कलेक्टर अजीत तिर्की, अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री एस.के.गुप्ता व उप संचालक कृषि जितेन्द्र कुमार सिंह सहित अन्य अधिकारी कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में उपस्थित थे, जबकि अन्य सभी एसडीएम और खंड स्तरीय अधिकारी वीसी के माध्यम से बैठक में शामिल हुये। बैठक में कलेक्टर श्रीमती पटले ने अनुविभागवार विकास यात्रा और अन्य योजनाओं की जानकारी प्राप्त करते हुये निर्देश दिये कि आगामी शेष दिनों की विकास यात्रा में तीव्र गति से कार्य करते हुये हितग्राहियों से आवेदन प्राप्त करें और उनके निराकरण के संबंध में समुचित कार्यवाही करें । उन्होंने निर्देश दिये कि विकास यात्रा के दौरान हितग्राहियों से प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना और प्रधानमंत्री जीवन ज्योति योजना के आवेदन भी प्राप्त करें ताकि उन्हें इन बीमा योजनाओं का लाभ मिल सके। उन्होंने सभी एसडीएम को निर्देश दिये कि विद्यार्थियों के जाति प्रमाण पत्र बनाने के कार्य में तेजी लायें तथा बी.ई.ओ. व बी.आर.सी.से प्रतिदिन संकुल केन्द्र में प्राप्त होने वाले आवेदन और संकुल प्राचार्यों द्वारा संबंधित तहसीलों में जमा होने वाले आवेदनों की समीक्षा करें तथा आवेदन जिस दिन प्राप्त हो रहे हैं, उसी दिन तहसील में जमा कराया जाना सुनिश्चित करें जिससे जाति प्रमाण पत्र बनाये जाकर विद्यार्थियों को वितरित किये जा सकें । उन्होंने सभी महाविद्यालायों में विद्यार्थियों के छात्रवृत्ति स्वीकृति के आवेदनों का भी तत्परता से निराकरण करने के निर्देश दिये जिससे कोई भी विद्यार्थी छात्रवृत्ति से वंचित न रह सके ।

## डॉ सुनील अग्रवाल बने जनपरिषद सिवनी के अध्यक्ष



**छिंदवाड़ा/सिवनी ।** अखिल भारतीय स्तर की सामाजिक संस्था जन परिषद के प्रांतीय सचिव श्री गोविंद चौरसिया की अनुशंसा पर संस्था के अध्यक्ष एवं पूर्व डीजीपी श्री एन के त्रिपाठी ने सिवनी के वरिष्ठ समाजसेवी डॉ सुनील अग्रवाल को जन परिषद के सिवनी चैप्टर का अध्यक्ष मनोनीत किया है द्य ज्ञात रहे जन परिषद राष्ट्रीय स्तर की सामाजिक संस्था है, जो कि गत 34 वर्षों से सामाजिक एवम् रचनात्मक कार्यों में सक्रिय होने के साथ साथ, कई ऐतिहासिक एवम् अभूतपूर्व संदर्भ ग्रन्थों का प्रकाशन कर चुकी है।संस्था पर्यावरण पर नौ अंतरराष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस आयोजित कर चुकी है। संस्था के इस समय पूरे देश में 193 एवम् विदेशो में 6 चैप्टर्स बन चुके हैं। संस्था प्रतिवर्ष उन व्यक्तियों को अलंकृत करती है जो कि रचनात्मक एवम् सामाजिक सुधार के कार्यों को मूर्तरूप दे रहे हैं।संस्था का मुख्य आधार मानवीय , सामाजिक एवम् राष्ट्रीय दृष्टिकोण है।

## दुकानदारों को कहा कचरा न फैंके

**छिंदवाड़ा ।** स्वच्छ सर्वेक्षण 2023 की तैयारियाँ अंतर्गत शहर के व्यावसायिक एवं आवासीय क्षेत्रों में सघन सफाई कार्य तथा इसकी मॉनिटरिंग की जा रही है। नगर निगम आयुक्त ने स्पष्ट आदेश दिए हैं कि शहर में खुले स्थान पर कहीं भी कचरा नहीं दिखाई पड़ना चाहिए, गीला-सूखा सेनिटरी व घरेलू हैज़ार्डस वेस्ट अलग अलग अपशिष्ट संग्रहण वाहन के अलग अलग कंटेनर में ही नागरिकों द्वारा डाला जाना चाहिए। आयुक्त के निर्देश हैं कि दुकानों में भी हरे नीले डस्ट बिन कचरा संग्रहण के लिए रखे जाने हैं । इस संबंध में जानकारियों का व्यापक प्रचार प्रसार किया गया है। इसके बावजूद भी देखने में आ रहा है कि दुकानदार अपनी दुकानों, रेस्टॉरेंट का गीला(जैविक) तथा सूखा (अजैविक) कचरा अपने दुकान के डस्ट बिन में न रखकर बाहर आस पास ही फेंक देते हैं इससे क्षेत्र प्रदूषित ही नहीं होता बल्कि देखने में भी यह काफी भद्दा लगता है।आवासीय एवं व्यावसायिक क्षेत्रों में खुले में पड़ा कचरा नागरिकों की जागरूकता पर भी प्रश्न चिन्ह लगाता है। इसी तरह की स्थिति बुधवार दिनांक 22 फरवरी को बस स्टैंड स्थित अजय भोजनालय के सामने देखने को मिली जहाँ रेस्टोरेंट का कचरा पड़ा हुआ था,यह कचरा अजय भोजनालय द्वारा फेंका गया था।अजय भोजनालय द्वारा किए गए इस गैर ज़िम्मेदाराना कृत्य पर भोजनालय के मालिक पर नगर निगम द्वारा रू 500/- का जुर्माना लगाया गया। नागरिकों की भागीदारी के बिना शहर को स्वच्छ व सुंदर नहीं बनाया जा सकता, यदि छिन्दवाड़ा शहर को इंदौर की तरह स्वच्छता में नंम्बर 1 बनाना है तो इंदौर के नागरिकों की तरह शहर की सफाई एवं कचरा प्रबंधन के प्रति व्यक्तिगत जिम्मेदारी निभानी पड़ेगी।

## मध्यान्ह भोजन रसोइया, अस्थाई भृत्य एवं समूह की महिला कामगार 26 को करेंगी कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन

**छिंदवाड़ा ।** स्कूलों में मध्यान्ह भोजन बनाने वाली रसोईया, अस्थाई भृत्य एवं समूह की महिला कामगार 26 फरवरी को कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन कर न्यूनतम वेतन 9,000 देने, चौथे दर्जे का कर्मचारी घोषित करने, महिला कामगारों को 2,000 रूपए महीना सम्मानिधि देने, ड्रेस कोड लागू करने, पहचान पत्र देने, बीमा आदि मांगों के लिए प्रदेश अध्यक्ष वासुदेव शर्मा के नेतृत्व में धरना प्रदर्शन कर हल्लाबोल आंदोलन करेंगी, जिसमें जिले भर से हजारों रसोईया एवं महिला कामगार शामिल होंगी। 26 फरवरी 12 बजे कांग्रेस कार्यालय राजीव भवन में जिले भर की मध्यान्ह भोजन (रसोईया) एकत्रित होंगी और यहां से रैली निकालकर कलेक्ट्रेट पहुंचेंगी, जहां मुख्यमंत्री के नाम ग्यान दिया जाएगा। कामगार कांग्रेस के कार्यकारी जिला अध्यक्ष द्वारपाल मालवीय, सलीम खान ने प्रेस को जारी विग्यप्ति में बताया कि रसोईयों के हक में होने वाले हल्लाबोल आंदोलन की तैयारिया सभी ब्लाकों में चल रही हैं, बिछुआ, हर्रई, पाण्डुर्ना, उमरनाला, परासिया, अमरवाड़ा, सौंसर, तामिया, कुंडली, धनौरा सहित दर्जनों बैठकें कर रसोईयों को न्यूनतम वेतन 9000 रूपए देने की मांग की गई। रमन, विपिन उईके, नंदू सौराठ, देवेंद्र कोचे, महेंद्र कोडरे, ब्रजकुमारी पंद्राम, राजेश भादे, देवेंद्र पहाडे, बबलू डेहरिया, राम कृपाल डेहरिया, जय कुमार ने रसोईया, भृत्य एवं समूह की महिलाओं से अधिक से अधिक संख्या में हल्लाबोल आंदोलन में शामिल होने की अपील की है।

## राष्ट्रीय टैक्स सेमिनार 3 मार्च को

### जीएसटी आयुक्त करेंगे शिरकत

**छिंदवाड़ा ।** वर्तमान कर प्रणाली में प्रैक्टिस करने के लिए कर सलाहकारों को समय समय पर अपने ज्ञान को अद्यतन करते रहना अनिवार्य है इस ही उद्देश्य से टैक्स बार असासिएशन छिंदवाड़ा के द्वारा जीएसटी एवं आयकर पर एक राष्ट्रीय कर सेमिनार करन होटल, नागपुर रोड, छिंदवाड़ा में आगामी 3 मार्च को आयोजित कर रहा है। जिस सेमिनार में देष के प्रसिद्ध कर विशेषज्ञ पूरे देष से आए सीए, अधिवक्ताओं, व्यापारियों, एकाउंटेंट एवं कर सलाहकारों को जीएसटी एवं आयकर की बारिकियों से अवगत करवाएंगे। टैक्स बार के अध्यक्ष संजय जैन ने बताया कि यह सेमिनार मध्यप्रदेश टैक्स लॉ बार असोसिएशन एवं ऑल इंडिया फेडरेशन ऑफ टैक्स प्रैक्टिष्नर के सहयोग से आयोजित किया जा रहा है। इस सेमिनार में कमर्षियल टैक्स विभाग के आयुक्त लोकेष कुमार जाटव मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। सेमिनार के चैयरपर्सन मनीष श्रीवास्तव ने बताया कि यह पहला अवसर है जब छिंदवाड़ा में आयोजित किसी सेमिनार में आयुक्त महोदय षिरकत करेंगे। इस एक दिवसीय सेमिनार में इंदौर से वरिष्ठ कर सलाहकार अमित दवे, सीए राजेश मेहता और भोपाल से सीए नवनीत गर्ग विषय विषेषज्ञ के रूप में उपस्थित रहेंगे।

## गरीब, किसान, मजदूर एवं महिलाओं के विकास की गाथा है विकास यात्रा: विवेक बंटी साहू

### विकास यात्रा सारना मंडल के ग्राम बोहनाखैरी, ककई, लोनियामारू, उमरिया ईसरा और घाट परासिया में पहुंची, दो करोड़ के विकास कार्यो का किया भूमिपूजन



**छिंदवाड़ा।** विकास यात्रा छिंदवाड़ा विधानसभा के सारना मंडल के ग्राम बोहनाखैरी, ककई, लोनियामारू, उमरिया ईसरा और घाटपरासिया पहुंची । विकास यात्रा के दौरान सरकार की जनहित की योजनाओं का लाभ पात्र लोगों को दिलाया गया । इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष विवेक बंटी साहू ने 2 करोड़ की लागत से बनने वाले विकास कार्यो का भूमिपूजन किया गया जिसमें जल जीवन मिशन के अंतर्गत पाईप लाईन, सीसी रोड, नाली, नापेड डेम, स्टाप डेम विकास कार्यो का भूमिपूजन हुआ । सभा में भाजपा जिलाध्यक्ष विवेक बंटी साहू ने कहा कि मध्यप्रदेश और छिंदवाड़ा का जो विकास भाजपा शासन काल में हुआ वह कांग्रेस और नाथ परिवार के कभी सपने में भी नहीं सोचा था। मध्यप्रदेश में भाजपा सरकार आने के पहले सड़के नहीं थी, पानी के लिए लोग भटकते रहते थे। छिंदवाड़ा को अपना घर बता बता कर नाथ परिवार ने जनता को केवल छला है। मध्यप्रदेश में जब भाजपा की सरकार सत्ता में आयी तब मध्यप्रदेश में बुनियादी सुविधाओं पर ध्यान दिया गया। नाथ परिवार अपने स्वयं के विकास की बात करते हैं जो नीरा राडिया टेप से ही पता चल जाता है।मध्यप्रदेश में दिग्विजय सिंह का कार्यकाल भुलाए नहीं भूला जा सकता। दिग्विजय सिंह के 10 साल के कार्यकाल में बिजली नहीं थी लोग रात रात भर घर के बाहर घूमते रहते थे, दुकानें 9 बजे जबरदस्ती बंद करवायी जाती थी। तब कमलनाथ जी केंद्रीय मंत्री हुआ करते थे। इस कार्यकाल में छिंदवाड़ा का क्या विकास किए क्यों नहीं बताते। नाथ परिवार स्वयं के विकास की थीम पर काम करता आया है। कांग्रेस की इस स्वविकास योजना का ही परिणाम है कि पूरे देश में जनता ने कांग्रेस को नकार दिया है। भाजपा विकास कार्य करती है और नाथ परिवार उन कामों को अपना बताने में में जुट जाता है। ये तो सभी जानते है भाजपा जहां भी आती है वहां विकास लाती है। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष विवेक बंटी साहू के साथ भाजपा किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष संजय पटेल, भाजपा सारना मंडल अध्यक्ष ओम पटेल, रूपसिंह पटेल, धर्मेन्द्र पाल, हरिराम पाल, राजकुमार डोले, अमित सल्लाम, सुनील यादव, गुलाब यदुवंशी, मनीराम उइके, निमेश पटेल, ममल जैन, लल्लू यादव, कल्लू डोलेकर सहित भाजपा कार्यकर्ता सहित ग्रामवासी उपस्थित रहे ।

## मेयर इन काउंसिल की बैठक

**छिंदवाड़ा ।** नगर पालिका निगम छिंदवाड़ा सभा कक्ष में मेयर इन काउंसिल की बैठक महापौर विक्रम अहके की अध्यक्षता में आयोजित हुई। उक्त बैठक में निम्न प्रस्ताव प्रस्तुत किए गए -नगर पालिक निगम छिंदवाड़ा का वर्ष 2023-24 का बजट अनुमान नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 97 के अंतर्गत आय एवं व्यय के अनुपालन में तैयार किया गया। नगर निगम द्वारा यूनियन बैंक ऑफ इंडिया से लिए गए ऋण 35 करोड़ के भुगतान के संबंध में चर्चा की गई जिसमें यूनियन बैंक के ऋण को पुनर निर्धारण करने हेतु प्रस्ताव रखा गया। इसके साथ ही पेयजल व्यवस्था एवं इमलीखेड़ा स्थित निर्माणाधीन भवनों पर आगामी दिवस में बैठक आयोजित करने की बात कही गई।




### नगर निगम छिंदवाड़ा फिर बना सिरमौर

**छिंदवाड़ा।** नगर निगम छिंदवाड़ा सीएम हेल्पलाइन से प्राप्त शिकायतों के निराकरण में नगर निगम छिंदवाड़ा पुन: प्रथम पायदान पर आया है । प्रतिमाह भोपाल से जारी की जाने वाली रैंकिंग में लगातार चौथे माह सभी 16 नगर निगमों में छिंदवाड़ा नगर निगम को प्रथम स्थान प्राप्त हुआ है इस उपलब्धि पर निगम आयुक्त राहुल सिंह की प्रशंसा करते हुए उन्हें बधाई प्रेषित की।

## भोलेबाबा की विशाल बारात शोभायात्रा निकली

### पूरे शोभायात्रा मार्ग को रंगोली से सजाकर, जगह जगह जलपान की व्यवस्था



**मोहगांव हवेली / सौंसर।** सुप्रसिद्ध अर्ध नारीश्वर ज्योतिर्लिंग मंदिर मोहगांव हवेली में चल रहे महाशिवरात्रि महोत्सव अंतर्गत दोपहर भोलेबाबा की विशाल बारात निकाली गई। जिसमें ढोल ताशे, गाजे बाजे, भजन मंडलीयां सम्मिलित थे एवं रथ पर भागवत प्रवक्ता विराजमान थी। पूरे शोभायात्रा मार्ग को रंगोली से सजाकर, जगह जगह चाय, शरबत, जलपान नाश्ते के विभिन्न व्यंजन नि- शुल्क वितरित करने की व्यवस्था नगर के नवयुवकों द्वारा की गई थी। आज भगवान कर अर्धनारीश्वर की बारात निकलर नगर भ्रमण किया। शोभायात्रा में भजन मंडलीयां, दिंडिया, चलीत झांकियां, बैंड़ बाजा, ढोल ताशे, गाजे बाजे तथा हजारों शिव भक्त मौजूद थे। वहीं शोभायात्रा मार्ग पर उनका स्वागत करने, उसके जलपान की व्यवस्था करने नगर की पुरुष, महिलाएं मौजूद थी। दोपहर को निकली शोभायात्रा नगर भ्रमण कर रात्रि में मंदिर प्रांगण पहुंची जहां उत्कृष्ट झांकियों, भजन मंडलीयों को अर्धनारीश्वर ज्योतिर्लिंग मंदिर संस्थान कमेटी की ओर से पुरस्कृत किया गया।

## बेडेन पावेल का जीवन स्वाबलाम्बन की प्रेरणा देता है: गोपाल सिंह

### लार्ड बेडेन पावेल की जंयति को विचार दिवस के रूप में मनाया



**छिंदवाड़ा ।** भारत स्काउट एवं गाइड जिला संघ छिन्दवाडा के पुराना जिला शिक्षा अधिकारी स्काउट गाइड प्रशिक्षण केन्द्र डाईट परिसर छिन्दवाडा में लार्ड बेडेन पावेल एवं लेडी बेडेन पावेल की जयंती को विचार दिवस के रूप में मनाया गया इस अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी पदेन जिला कमिश्नर स्काउट गोपाल सिंह बघेल जी. सहाक संचालक शिक्षा आई. एम. भिवनवार भारत स्काउट एवं गाइड जिला संघ अध्यक्ष विनोद तिवारी, जिला संघ उपाध्यक्ष अखिलेश चौहान, जिला संघ उपाध्यक्ष किशोर मंगरूलकर जिला सचिव मनोज आरपुरे डीओसी स्काट नरेन्द्र कुमार शर्मा की उपस्थिति में कार्यक्रम का आयोजन किया गया कार्यक्रम में सर्व प्रथम उपस्थित पदाधिकारियों. अधिकारियों का स्कार्टिंग परम्परा अनुसार स्कार्फ बागल लगाकर स्वागत किया गया तद उपरान्त उपस्थित पदाधिकारियों अधिकारियों के द्वारा लार्ड बेडेन पावेल एवं लेडी बेडेन पावेल की छाया चित्र पर दीप प्रज्जलित कर पुष्प माला अर्पत किया गया उसके उपरांत बेडेन पावेल एवं लेडी बेडेन पावेल की जयंति पर सर्व धर्म प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया कार्यक्रम के मुख्य अतिथि गोपाल सिंह बघेल ने कहा कि सभी दल के प्रभारी इस विचार दिवस पर प्रेरणा लेकर अपने अपने विद्यालयों में स्वा विचार से युवाये के सर्वागिण विकास की योजना बनाये जिससे छात्र छात्राओं का सर्वागिण विकास कराया जा सकें कार्यक्रम में डी ओ सी नरेन्द्र कुमार शर्मा, सह सचिव राजेन्द्र सोनी, ब्लाक सचिव तामिया संतोष मालवीय, टेनिंग काउसर सुरेष विश्वकर्मा, टेनिंग फाउंसलर विजय पाल सिंह मुन्हारिया, टेनिंग काउंसलर परासिया श्रीमती रिजवाना परवीन, छिन्दवाडा नकुल खापरे, ब्लाक संघ उपाध्यक्ष श्रीमती विद्या केकतपुरे, सर्वेश अवस्थी कृपाराम परतेती तथा 30 स्काउट गाइड एवं प्रभारी शिक्षक शिक्षकाओं की उपस्थिति में कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोग प्रदान किया गया।

## 39 ग्रामों में आयुष्मान भारत की थीम पर विकास यात्रा आज

**छिन्दवाड़ा ।** कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले के मार्गदर्शन में जिले के विधानसभा क्षेत्र जुन्नारदेव, अमरवाड़ा, चौरई, सौंसर, छिंदवाड़ा, परासिया और पांढुर्णा में 23 फरवरी को आयुष्मान भारत की थीम पर 39 ग्रामों में विकास यात्रा का आयोजन किया गया है जिसमें यात्रा के दौरान आयोजित होने वाली सभाओं में 151 ग्रामों के ग्रामवासी शामिल होंगे । विकास यात्रा के दौरान हितग्राहियों को विभिन्न योजनाओं में हितलाभ वितरण के साथ ही विभिन्न योजनाओं में छूटे हुये हितग्राहियों के आवेदन प्राप्त कर उन्हें लाभान्वित करने का कार्य किया जायेगा । प्राप्त जानकारी के अनुसार 23 फरवरी को विधानसभा क्षेत्र जुन्नारदेव के विकासखंड तामिया में विकास यात्रा प्रात: 8 से 10 बजे तक ग्राम रैनीखेड़ा व झिरपा, प्रात: 10:30 से दोहपर 12:30 बजे तक ग्राम सावरवानी व माहुलझिर, दोपहर एक से 3 बजे तक ग्राम अनहोनी व जमुनिया और दोपहर 3:30 से शाम 5:30 बजे तक ग्राम बंधीबोदलकछार व बम्होरीखुर्द जायेगी ।

## जिला स्तरीय रोजगार मेला में 11 कम्पनियों में 468 विद्यार्थियों ने दिया साक्षात्कार



**छिंदवाड़ा ।** जिला कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले के निर्देशानुसार जिला रोजगार कार्यालय छिंदवाड़ा द्वारा शासकीय स्वशासी पीजी महाविद्यालय छिंदवाड़ा के सहयोग से जिला स्तरीय रोजगार मेला का आयोजन किया । जानकारी देते हुए प्राचार्य डॉ पी आर चंदेलकर , जिला रोजगार अधिकारी सुश्री माधुरी भलावी तथा संभागीय नोडल अधिकारी डॉ पी एन सनेसर ने बताया की महाविद्यालय के विद्यार्थियो तथा जिले के युवाओं हेतु रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश से रोजगार मेला लगाया गया जिसमे 11 कम्पनियो में 468 विद्यार्थियो ने साक्षात्कार दिया जिसमे से 221 को विभिन्न पदों हेतु चयनित किया गया हैं । आयोजन में एन आई आई टी फाउंडेशन छिंदवाड़ा से क्लस्टर हेड विजय कुसुंबे , अभिनीत दुबे, स्मिता कैथवाश, जिला रोजगार कार्यालय से आलोक चौधरी तथा महाविद्यालय से डॉ लक्ष्मीचंद, डॉ जी व्ही ब्रम्हे, डॉ राजेंद्र कुमार मिश्रा, डॉ किरण चौकसे, जिला नोडल अधिकारी डॉ जगमोहन पुषाम, डॉ टीकमनी पटवारी, प्रो महेंद्र साहू, अनिल दुबे, राकेश नागले, इंद्रजीत पटेल, अनिमेष देशवाडे, अनिरुद्ध देशवाड़े, अभिषेक साहू , करियर मित्र ऐश्वर्या बोरिकर, अंजली पहाड़े, राजेश्वरी चौकसे, खनक साहू, शिवम विश्वकर्मा, विशाल सलामे, रुखसार मंसूरी, ओमकार, रोशनी यदुवंशी, शिवानी, चंचलेश डहेरिया आदि कैरियर मित्रो का विशेष सहयोग प्राप्त हुआ ।

**ये कंपनियां हुई शामिल** - जोलो सॉफ्टवेयर, जस्ट डायल, वेंकटेश फूड्स, मारुति सुजुकी,विश्वाश फर्म्स, कुणाल मोटर्स, पेटीएम, कान्हा टाइगर्स, घर कोचिंग, एनआईआईटी, एसआईपी ।

G20 भारत 2023 INDIA
वसुधैव कुटुम्बकम्
ONE EARTH • ONE FAMILY • ONE FUTURE
मध्यप्रदेश शासन
आज़ादी का अमृत महोत्सव

मोदी जी का विज़न - शिवराज का मिशन
विकास की लहर, हर गाँव-हर शहर
विकास यात्रा
05 से 25 फरवरी 2023



**नरेन्द्र मोदी**, प्रधानमंत्री



**शिवराज सिंह चौहान**, मुख्यमंत्री

# विकास यात्रा

एवं

# राज्य स्तरीय रोज़गार दिवस

## वर्ष 2022-23 में 28 लाख से अधिक युवाओं को 19 हजार 997 करोड़ रुपये से अधिक स्व-रोज़गार ऋण

## शिवराज सिंह चौहान

मुख्यमंत्री, मध्यप्रदेश
द्वारा

13 लाख से अधिक युवाओं को स्व-रोज़गार के लिए
9,868 करोड़ रुपये की ऋण स्वीकृति एवं वितरण

**23 फरवरी 2023 । अपराह्न 1.00 बजे**

महिदपुर कृषि उपज मंडी, जिला उज्जैन, मध्यप्रदेश

सीधा प्रसारण Webcast.gov.in/mp/cmevents
@Cmmadhyapradesh @jansampark.madhyapradesh
@Cmmadhyapradesh @jansamparkMP
JansamparkMP

D11234/22

मध्यप्रदेश जनसम्पर्क द्वारा जारी
आकल्पन : म.प्र. माध्यम/2023